


आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 279 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 30 सितंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# ट्रैक्टर से टकराई कार के उड़े परखच्चे

## नोएडा में सड़क हादसे में चार की दर्दनाक मौत






**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा शहर में बीती रात एक भयंकर सड़क हादसा हुआ है। नोएडा में एक बार फिर से रफ्तार का कहर देखने को मिला है। रविवार और सोमवार की मध्य रात्रि एक भीषण सड़क हादसे में 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस में मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ट्रैक्टर और कार में हुई टक्कर में कार के परखच्चे उड़ गए।

डीसीपी रामबदन सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर-11 में भीषण सड़क हादसा रविवार-सोमवार की मध्य रात्रि को हुआ। जहां एक ट्रैक्टर और ऑल्टो कार के बीच जोरदार भिड़ंत होने से कार सवार चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गया है जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

डीसीपी ने बताया कि दिल्ली के न्यू कोंडली में रहने वाले मोहित, विशाल, मनीष, हिमांशु उर्फ बिटटू और उत्तम रात डेढ़ बजे के करीब नोएडा में खाना खाने आए थे। बताया जा रहा है कि नोएडा से वापस जाते समय सेक्टर-11 एच ब्लॉक स्वानी फर्नीचर रेड लाइट के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें पांचों लोग फंस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पांचों को कार से निकाला। दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था जबकि दो की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिस ट्रैक्टर से दुर्घटना हुई उसमें कूड़ा भरा हुआ था।

इस हादसे में जान गंवाने वाले युवकों की पहचान मोहित, विशाल, मनीष और हिमांशु उर्फ बिट्टू के रूप में हुई है। जबकि घायल की पहचान उत्तम के रूप में हुई है। उत्तम की तहरीर पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उत्तम ने बताया कि कार हिमांशु उर्फ बिटटू चला रहा था। उसकी शिकायत पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल से ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही आरोपी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# लॉ की छात्रा ने 8वें फ्लोर से कूदकर की आत्महत्या

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** साहिबाबाद कोतवाली क्षेत्र की स्वर्ण रेसीडेंसी सोसायटी में 8वें फ्लोर से लॉ छात्रा खुशी उर्फ श्रेयांशी संदिग्ध परिस्थिति में कूदकर जान दे दी। घटना देर रात की है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया। अभी तक पुलिस जांच में घटना का कारण पता नहीं चला है। एसीपी रजनीश उपाध्याय का कहना है कि छात्रा के मोबाइल और घर की जांच करने के साथ साथ परिजनों से भी बात की जा रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# हुतात्माओं के मोक्ष के लिए 2 को होगा हवन-पूजन : महेश सक्सेना

## नोएडा लोक मंच ने 87 अस्थि कलश हरिद्वार भिजवाए



**नोएडा ( चेतना मंच )।** श्राद्ध के अंतिम दिन अमावस्या यानी 2 अक्टूबर को सेक्टर-94 स्थित अंतिम निवास में लावारिस के रूप में अंतिम हुए लोगों की आत्माओं की शांति तथा तर्पण के लिए हवन पूजन किया जाएगा। यह जानकारी अंतिम दिवस की देखरेख व संचालन करने वाली संस्था नोएडा लोकमंच के महासचिव व समाजसेवी महेश सक्सेना ने दी।

दशकों से समाज सेवा के कार्य में संलग्न समाजसेवी महेश सक्सेना ने बताया कि अंतिम निवास में कई लावारिस शवों का अंतिम संस्कार किया गया है। जिनके परिजनों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई। इसलिए उनके परिजनों द्वारा ऐसे लोगों का विधि विधान से अंतिम संस्कार नहीं हो पाया।

ऐसी दिवंगत आत्माओं की शांति तथा उनकी मोक्ष के लिए नोएडा लोकमंच 2 अक्टूबर को 11:30 बजे प्रकांड पंडितों द्वारा विधिविधान से हवन पूजन कर तर्पण करवाया जाएगा। उनहोंने बताया कि इसके अलावा ऐसे शवों के अंतिम संस्कार के बाद उनकी अस्थियों का विसर्जन भी हरिद्वार में किया जाता है। कल ही उन्होंने 87 अस्थि कलश हरिद्वार भेजे हैं ताकि उनको सम्मानजनक गंगा में प्रवाहित कर तर्पण किया जाए।

# नवविवाहिता के साथ दहेज के लालच में मारपीट



**दादरी ( चेतना मंच )।** थाना दादरी में एक युवक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी बहन के ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए उसकी बहन उत्पीड़न कर रहे हैं। उसने उनके ऊपर मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया है।

थाना दादरी पुलिस ने बताया कि बीती रात को विनीत पुत्र मलखान सिंह निवासी मोदीनगर में थाना दादरी में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी बहन की शादी 8 मार्च 2024 को कवेद्र विकल पुत्र देवदत्त विकल निवासी नयागांव दादरी मे हुई थी। पीड़ित के अनुसार शादी के समय से ही उसकी बहन के ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए उसका उत्पीड़न करते हैं। पीड़ित के अनुसार 14 सितंबर वर्ष 2024 को उसका भाई विपुल ,मामा सुशील एवं मां किरण उसकी बहन से मिलने आए तो उसकी बहन ने बताया कि उसके साथ उसके ससुराल वालों ने मारपीट की है। पीड़ति के अनुसार उसका भाई अपनी बहन को घर लेकर आया। पीड़ित के अनुसार 29 सितंबर को ये लोग अपनी बहन के ससुराल में बातचीत करने के लिए आए थे। दोनों परिवारों के बीच बातचीत हो रही थी, तभी कवेन्द्र ने अपने कुछ दोस्तों को बुला लिया। कवेद्र, उसके पिता और मामा सभी ने मिलकर प्रीत और उसके परिवार के लोगों के साथ मारपीट की। पुलिस ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर कवेंद्र विकल, देवदत्त विकल, शीतल, मांगेराम (शेष पृष्ठ-3 पर)

# फर्जी बैनामा कर के करोड़ो की धोखाधड़ी

## अदालत के आदेश पर 7 पर मुकदमा दर्ज

**दादरी ( चेतना मंच )।** दादरी कोतवाली क्षेत्र की जमीन का फर्जी बैनामा कर करोड़ो की धोखाधडी का मामला प्रकाश में आया है। थाना दादरी के प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि मोहित भाटी पुत्र धीरज भाटी निवासी ग्राम बड़पुरा की शिकायत पर पुलिस ने सुनील सिंह, मनोज कुमार तथा पांच अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पीड़ित के अनुसार उसने वैष्णो बिल्डटेक के निदेशक नरेंद्र भाटी से ग्राम तिलपता में 5852.59 वर्ग मीटर जमीन खरीदी थी, जिसका बैनामा उसके नाम हो गया था। पीड़ित का आरोप है कि इन लोगों ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर जमीन का बैनामा अपने नाम कराया है। थाना प्रभारी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में 6 अफसरों के कार्यक्षेत्र बदले


**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में 6 अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किए हैं। यह बदलाव अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) लक्ष्मी वीएस ने किए हैं। औद्योगिक विकास प्राधिकरण के परियोजना विभाग में एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रविकुमार एन.जी. के निर्देश पर वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (एसईओ) लक्ष्मी वीएस ने छह प्रमुख अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं।

इस फेरबदल में कुछ अधिकारियों को महत्वपूर्ण विभागों का प्रभार दिया गया है, जबकि कुछ से उनके पुराने प्रभार वापस ले लिए गए हैं। नक़ली सिंह, जो पहले ग्रेटर नोएडा वेस्ट में ग्राम्य विकास और सफाई व्यवस्था देख रहे थे, अब सहायक निदेशक उद्यान बनाए गए हैं। वरिष्ठ प्रबंधक नरोत्तम सिंह से वर्क सर्किल एक का प्रभार लेकर उन्हें वर्क सर्किल तीन का प्रभारी बनाया गया है।

परियोजना विभाग के प्रबंधक सेविल राम कुमार को अर्बन सर्विसेज से हटाकर वर्क सर्किल पांच और उद्यान विभाग का प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक बनाया गया है। मनोज कुमार सचान को चार महत्वपूर्ण विभागों का प्रभारी बनाया गया है, जिसमें वर्क सर्किल छह, रोड परिवहन व्यवस्था, विज्ञापन और अर्बन सर्विसेज शामिल हैं। प्रबंधक सिविल राकेश बाबू को ई-निविदा सेल के साथ-साथ स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक बनाया गया है। प्रबंधक सिविल रतिक को वर्क सर्किल एक, ग्रेटर नोएडा वेस्ट और स्वास्थ्य विभाग का प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक नियुक्त किया गया है।

# सेक्टर-62 में 15 चौराहों पर बनेंगे पैदल पारपथ

- बुजुर्गों व दिव्यांगों के लिए फुटपाथ भी बनेंगे, नंवबर में काम शुरू होने की संभावना



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नवंबर माह में सेक्टर-62 के 15 चौराहों पर पैदल पारपथ बनाये जांएगे। बुजुर्गों व दिव्यांगों के लिए भी फुटपाथ बनाए जाएंगे। यह जानकारी नोएडा प्राधिकरण के सिविलि विभाग के शीर्ष अफसरों ने दी है। इन सभी के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं। जो 10 अक्टूबर को खोले जाएंगे। टेंडर फइनल होने के बाद संभवत: नवंबर माह में कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया सेक्टर-62 क्षेत्र में करीब 15 मुख्य चौराहे हैं। इन सभी चौराहों पर लाल बत्ती के पास पैदल पार पथ बनाया जाएगा, ताकि लोग आसानी से सड़क पार कर सकें। इससे ट्रैफिक व्यवस्था भी बेहतर बनी रहेगी। इसके अलावा अभी पुराने स्टाइल पर फुटपाथ बने हुए हैं। इन पर बुजुर्ग और दिव्यांग आसानी से नहीं चढ़ सकते, जिसे इनके अनुकूल बनाया जाएगा। गाजियाबाद से नोएडा की तरफ आते ही सेक्टर-62 पड़ता है। दिल्ली जाने वाले काफी लोग भी इस सेक्टर से होकर निकलते हैं। गौरतलब है कि नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने कुछ महीने पहले शहर का निरीक्षण करते समय पाया था कि एक भी जगह फुटपाथ बुजुर्गों के हिसाब से नहीं बने हैं। इनकी ऊंचाई अधिक है। उतरते-चढ़ते समय कोई सुविधा नहीं है। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोलचक्कर के जरिये नोएडा में घुसते ही लोगों को रोजाना लंबे जाम में फंसना पड़ रहा है। पिछले महीने प्राधिकरण यहां सर्वे कराकर जाम के कारण और समाधान तलाशे थे। जाम में कमी लाने के लिए आने वाले समय में यहां पर गोलचक्कर के (शेष पृष्ठ-3 पर)

# नोएडा और गाजियाबाद में बदमाशों की शामत

## रात भर एनकाउंटर, चार बदमाशों को लगी गोली





**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में मुठभेड़ के दौरान 8 बदमाशों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। चार पुलिस की गोली से घायल हो गए।

थाना सेक्टर-20 पुलिस ने एक पुलिस मुठभेड़ के दौरान डीएलएफ मॉल के पास से एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त रामबदन सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर-20 पुलिस डीएलएफ मॉल के पास चैकिंग कर रही थी, तभी बाइक पर सवार होकर दो लड़के आते हुए दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि जब उन्हें रुकने का इशारा किया गया तो वे रुकने की बजाए वहां से भागने लगे। (शेष पृष्ठ-3 पर)



## मप्र. के कुख्यात पारदी गैंग से पुलिस की मुठभेड़

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** क्राईम ब्रान्च पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद एवं थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम की संयुक्त कार्रवाई में नकबजनों से हुई मुठभेड़ में थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र में सर्राफा की दुकान से शटर तोड़कर चोरी करने वाले 50-50 हजार के 2 वाँछित इनामी बदमाशों को घायल अवस्था में तथा 2 को मौके से गिरफ्तार गया है। इनके कब्जे से 2 तमन्चे 315 बोर, 2 जिन्दा व 2 खोखा कारतूस 315 बोर, 2 आला नकब (सब्बल 1 छोटा 1 बडा), 1 टार्च तथा चोरी के चाँदी के सिक्के बरामद हुए।

गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के सहायक पुलिस आयुक्त भाष्कर वर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि ज्वैलर्स की दुकानों में चोरी करने वाला मध्य प्रदेश के पारदियों का गिरोह क्षेत्र में सक्रिय होकर चोरी की बडी वारदात करने की फिराक में है। इस पर क्राईम ब्रान्च पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद व थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए बेहटा हाजीपुर अण्डरपास पर पारदियों के गैंग को घेर लिया। पुलिस मुठभेड़ के बाद पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए पारदी गिरोह के (शेष पृष्ठ-3 पर)







# दबंगों ने दलित को पीटा

**जेवर ( चेतना मंच )।** थाना जेवर में कुछ दबंगो द्वारा दलित के साथ मारपीट करने का अरोप लगा है। थाना जेवर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि थाने में लखन पुत्र सतवीर निवासी ग्राम झुप्पा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह गांव में हनुमान मंदिर के सामने बैठे थे। तभी सतवीर उर्फ उदय, सुंदर तथा कालू नामक तीन लोग वहां पर आए। इन लोगों ने बिना किसी वजह से उसको गाली देनी शुरू कर दी। तथा जातिसूचक गाली दी। जब उसने विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिससे उसका हाथ टूट गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीडति की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## प्रधानमंत्री की नसीहत

यह ज्यादा पुरानी बात नहीं है। पिछले ही माह स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री ने राज्य सरकारों को नसीहत दी थी कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अत्याचारों के मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। भले ही तात्कालिक रूप में उनके कथन का इशारा कोलकाता में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुराचार के बाद की गई नृशंस हत्या की तरफ था। उनकी इस बात को राज्यों को व्यापक संदर्भ में लिया जाना चाहिए। वैसे यह संभव नहीं है कि प्रधानमंत्री की स्मृति में वर्ष 2002 के गुजरात के सांप्रदायिक दंगों के दौरान अमानवीय बर्बरता की शिकार बिलकिस बानो का मामला न रहा हो। इस दुखद घटना में गर्भावस्था के दौरान न केवल उसके साथ दुराचार हुआ था बल्कि उसके भरे-पूरे परिवार के सात सदस्यों की भी हत्या कर दी गई थी। सर्वविदित है कि मोदी उन दिनों गुजरात के मुख्यमंत्री थे। संयोग से यह एक और स्वतंत्रता दिवस था, जब वर्ष 2022 में भारत आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहा था तो गुजरात सरकार ने उन ग्यारह दोषियों को रिहा कर दिया था, जिन्हें इस मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनायी गई थी। दलील दी गई कि तकनीकी तौर पर वे उम्रकैद की निर्धारित अवधि पूरी कर चुके हैं और उनका जेल में व्यवहार संतोषजनक है। जैसे ही ये दोषी ठहराये लोग गोधरा उप-जेल से बाहर निकले,उनका फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया गया था। जैसे वे अक्षम्य अपराध के अपराधी नहीं बल्कि समाज के नायक हों। उल्लेखनीय है कि इस कांड के दोषियों को रिहा करने के चौंकाने वाले फैसले पर विवाद होने और न्यायिक सक्रियता के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इसे रद्द कर दिया था। इस मामले में न केवल राजनीतिक स्तर पर विरोध हुआ बल्कि पीड़ित पक्ष ने दोषियों की रिहाई का कड़ा प्रतिवाद किया था। पीड़ित पक्ष ने दोषियों की रिहाई को अपनी सुरक्षा के लिये खतरा बताते हुए न्यायिक संरक्षण की मांग की थी। इसके बावजूद राज्य सरकार इस मामले में लगातार बचाव करती रही है। अब इस फैसले की समीक्षा की मांग करने वाली राज्य सरकार की कोशिश को शीर्ष अदालत ने खारिज कर दिया है। इस कोशिश से संदेह करने की कोई गुंजाइश नहीं रह जाती कि राज्य के अधिकारियों ने दो साल पहले सजा माफी के लिये आधार तैयार करने के लिये तथ्यों को छिपाकर अदालत की दूसरी पीठ को भ्रमित किया था। उल्लेखनीय है कि पीड़ित पक्ष ने इस मामले में अदालती सुनवाई गुजरात से बाहर करने की मांग की थी। उन्हें आशंका थी कि यदि राज्य में मामले में मुकदमा चलता है तो गवाहों पर दबाव बनाकर न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित किया जा सकता है। इन्ही बातों के मद्देनजर इस मामले में महाराष्ट्र में मुकदमा चला और लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद दोषियों को सजा सुनाई गई थी। निश्चित रूप से इस मामले में माफी आदेश पारित करने का अधिकार भी सिर्फ और सिर्फ महाराष्ट्र सरकार का था। जबकि येन-केन-प्रकारेण गुजरात सरकार ने यह अधिकार हथिया लिया। इसी कड़ी में कालांतर केंद्र सरकार ने आजीवन कारावास की सजा काट रहे लोगों की समय पूर्व रिहाई पर अपनी मोहर लगा दी थी। अब जब एक बार फिर गुजरात सरकार ने इस मामले में मुंह की खाई है तो निश्चित रूप से इस घटनाक्रम ने उसे आत्मनिरीक्षण करने को बाध्य किया होगा। वहीं दूसरी ओर गुजरात सरकार को प्रधानमंत्री के वे शब्द नहीं भूलने चाहिए, जिसमें उन्होंने कहा था-'हमें महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने वालों में डर की भावना पैदा करने की जरूरत है।' अब चाहे कोई भी राज्य सरकार हो, उसे अपराधियों को संरक्षण देते नजर नहीं आना चाहिए। निश्चित रूप से इससे सरकार की विश्वसनीयता पर आंच ही आएगी। वहीं दूसरी ओर सरकारों की ऐसी भूमिका से अपराधियों का हौसला ही बढ़ेगा। सरकारों का दायित्व बनता है कि वे धर्म व जाति की सीमाओं से परे पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने की ईमानदार कोशिश करें। साथ ही समाज में न्याय होता नजर भी आना चाहिए।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि कि ( उन्होंने देखा कि ) अनेकों वेष धारण करके देवता प्रभु श्री रामचन्द्रजी की पूजा कर रहे हैं, परन्तु श्री रामचन्द्रजी का दूसरा रूप कहीं नहीं देखा। सीता सहित श्री रघुनाथजी बहुत से देखे, परन्तु उनके वेष अनेक नहीं थे॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सोइ रघुबर सोइ लछिमनु सीता। देखि सती अति भईं सभीता॥**
**हृदय कंप तन सुधि कछु नाहीं। नयन मूदि बैठीं मग माहीं॥**

(सब जगह) वही रघुनाथजी, वही लक्ष्मण और वही सीताजी- सती ऐसा देखकर बहुत ही डर गईं। उनका हृदय काँपने लगा और देह की सारी सुध-बुध जाती रही। वे आँख मूँदकर मार्ग में बैठ गईं॥

**बहुरि बिलोकेउ नयन उघारी। कछु न दीख तहँ दच्छकुमारी॥**
**पुनि पुनि नाइ राम पद सीसा। चलीं तहाँ जहँ रहे गिरीसा॥**

फिर आँख खोलकर देखा, तो वहाँ दक्षकुमारी (सतीजी) को कुछ भी न दिख पड़ा। तब वे बार-बार श्री रामचन्द्रजी के चरणों में सिर नवाकर वहाँ चलीं, जहाँ श्री शिवजी थे॥

**दो0-गईं समीप महेस तब हँसि पूछी कुसलात।**
**लीन्हि परीछा कवन बिधि कहहु सत्य सब बात॥**

जब पास पहुँचीं, तब श्री शिवजी ने हँसकर कुशल प्रश्न करके कहा कि तुमने रामजी की किस प्रकार परीक्षा ली, सारी बात सच-सच कहो॥

**( क्रमशः... )**

# चिकित्सक आंदोलन पर ममता के विरोध की प्रवृति उल्टी पड़ी



**पश्चिम बंगाल की कम्युनिस्ट सरकार के प्रति विरोध और प्रदर्शन से सत्ता हासिल करने वाली ममता बनर्जी ने इसे अपना हथियार बना लिया। केंद्र सरकार के खिलाफ शायद ही ऐसा कोई मौका हो जब ममता सरकार ने विरोध नहीं किया हो।**

संघीय ढांचे के तहत बने कानूनों और अदालतों के आदेशों के प्रति अड़ियल रूख अपनाने वाली पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आखिरकार अपने ही लोगों के सामने घुटने टेकने पर मजबूर होना पड़ा। महिला चिकित्सक से बलात्कार और हत्या के बाद चले आंदोलन से ममता के तेवर ढीले पड़ गए। ममता ने कल्पना भी नहीं की होगी पश्चिमी बंगाल में यह आंदोलन सरकार की चूलें हिला देगा। केंद्र सरकार और अदालतों के आदेशों के प्रति तीखे तेवर अपनाने वाली ममता इस्तीफा तक देने को तैयार हो गई। ममता के समझ में आ गया कि राजनीतिक द्वेषवश केंद्र सरकार की उपेक्षा की जा सकती है किन्तु प्रदेश की सत्ता में बने रहने के लिए राज्य के लोगों की नाराजगी सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा सकती है।

आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक के साथ कथित बलात्कार और हत्या के मामले में तृणमूल कांग्रेस की सरकार के खिलाफ देश ही नहीं विदेशों में भी आंदोलन हुए। इस घृणित अपराध के विरोध में ममता सरकार की निष्क्रियता के खिलाफ पश्चिमी बंगाल के हर वर्ग ने राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। हड़ताली चिकित्सकों ने मेडिकल शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशकों को हटाया जाना और कोलकाता पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल के पद से हटाने की मांग की। ममता बनर्जी ने कुछ ही दिनों पहले कहा था कि वो पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल को दुर्गा पूजा तक उनके पद पर बनाए रखेंगी। भारी विरोध के बाद आखिरकार गोयल का तबादला करना पड़ा। हड़ताली चिकित्सकों डॉक्टरों का कहना है कि अस्पतालों में उनके सुरक्षा इंतजाम पुख्ता किए जाएं। वे मांग कर रहे हैं कि सरकार यह बताए कि 100 करोड़ रुपये का बजट किस प्रकार अस्पतालों में डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए खर्च किया जाएगा। उन्होंने अस्पतालों में सुरक्षा उपायों को लागू करने के लिए रेफरल सिस्टम को सुधारने और भर्ती में भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की भी बात कही। जूनियर डॉक्टर मेडिकल कॉलेजों में छात्र संघ चुनाव कराए जाने और संस्थानों की नीतियों में उनका रिप्रेजेंटेशन बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि छात्र संघ चुनाव के माध्यम से उनकी आवाज़ को प्रमुखता दी जाए ताकि उनकी समस्याओं का समाधान हो सके। पश्चिमी बंगाल में अराजकता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के बाद अराजकतत्वों ने अस्पताल पर हमला कर दिया। चिकित्सकों, नर्सिंग स्टॉफ और मरीजों को अपनी जान बचाकर भागना पड़ा। असामाजिक तत्वों ने अपराध के घटना स्थल पर तोडफ़ोड़ की और अपराध के सबूत मिटाने का प्रयास किया। इस मामले में मेडिकल कॉलेज और पुलिस प्रशासन आरोपियों परोक्ष तौर पर आरोपियों के पक्ष में खड़ा नजर आया। दुष्कर्म और हत्या को आत्महत्या का मामला बता कर रफादफा करने का प्रयास किया गया। पुलिस और प्रशासन के पक्षपातपूण रवैये के बाद अदालत के आदेश से मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपा गया। इसके बाद हर तरफ ममता सरकार के खिलाफ विरोध का स्वर बुलंद हुआ। भारी विरोध के बाद ममता को समझ में आ गया कि केंद्र की भाजपा गठबंधन सरकार की खिलाफत करने की तरह इस आंदोलन से नहीं निपटा जा सकता।

पश्चिम बंगाल की कम्युनिस्ट सरकार के प्रति विरोध और प्रदर्शन से सत्ता हासिल करने वाली ममता बनर्जी ने इसे अपना हथियार बना लिया। केंद्र सरकार के खिलाफ शायद ही ऐसा कोई मौका हो जब ममता सरकार ने विरोध नहीं किया हो। इसी प्रवृति का परिणाम है कि महिला चिकित्सक की मौत से पनपे आंदोलन को दबाने-कुचलने की कोशिश की गई। राहुल गांधी की ही तरह ममता बनर्जी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हर मामले में विरोध करती रहीं है। भारत और बांग्लादेश के बीच गंगा और तीस्ता नदी के जल बंटवारे के मुद्दे पर ममता बनर्जी का आरोप है कि केंद्र की मोदी सरकार ने बांग्लादेश के साथ बातचीत में पश्चिम बंगाल सरकार को शामिल नहीं किया है। ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र भी लिखा। तीन पेज के लेटर में ममता ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार से पूछे बिना इस तरह की एकतरफा बातचीत हमें मंजूर नहीं है। इसी तरह राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत फंड जारी करने की मांग को लेकर राज्य विधानसभा परिसर में धरना दिया गया। टीएमसी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार बंगाल के लोगों को योजनाओं से वंचित कर रही है। केंद्र की मोदी सरकार पर ममता बनर्जी ने निशाना साधते हुए कहा कि आप कहते हैं कि बंगाल को पैसा मत दीजिए. तो फिर हमसे पैसे भी मत लीजिये। उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल में केंद्र ने जीएसटी के लिए बंगाल से 6,80,000 करोड़ रुपये लिये हैं। गौरतलब है कि ममता बनर्जी ने आईपीएस राजीव कुमार के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कहा था कि इस देश में कोई बिग बॉस नहीं है। यहां केवल जनता ही बिग बॉस है। केवल लोकतंत्र ही इस देश का बड़ा मालिक है। यह मेरी जीत नहीं है। यह संविधान की जीत है। यह भारत की जीत है। इसके बावजूद सत्ता के नशे में ममता चिकित्सकों के आंदोलन के मामले में अपना यह बयान भूल गई। सीबीआइ ने कोलकाता पुलिस के प्रमुख राजीव कुमार पर सारदा और रोज वैली पोंजी योजनाओं में संभावित अभियुक्त होने का आरोप लगाया था। सीएम ममता बनर्जी ने सीबीआई के विरोध में धरना दिया और वहीं पर कैबिनेट की बैठक की और वहां पुलिस वीरता पुरस्कार भी दिए। उन्होंने अपने धरना को सत्याग्रह बताया। उन्होंने कहा कि वह देश और संविधान को बचाने के लिए धरने पर बैठी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कहा था कि कमिश्नर राजीव कुमार की कोई गिरफ्तारी नहीं होगी और न ही उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

अदालत के गुणगान करने वाली मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रतिकूल फैसला आने पर अदालतों के विरोध में भी पीछे नहीं रही। ममता बनर्जी ने 2016 की शिक्षक भर्ती परीक्षा के माध्यम से की गई सभी नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को अवैध माना। उत्तर बंगाल के रायगंज में एक चुनावी रैली के दौरान ममता ने कहा था कि भारतीय जनता पार्टी के नेता न्यायपालिका और निर्णयों के एक हिस्से को प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी भर्तियों को रद्द करने का न्यायालय का फैसला अवैध है। हम उन लोगों के साथ खड़े हैं जिन्होंने अपनी नौकरी खो दी है। हम सुनिश्चित करेंगे कि आपको न्याय मिले और इस आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी जाए। उन्होंने दावा किया, 卐मैं किसी जज का नाम नहीं लूंगी, लेकिन मैं फैसले के बारे में बात कर रही हूं।

इसी तरह ओबीसी आरक्षण कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले के बाद ममता टिप्पणी करने से बाज नहीं आई। पश्चिम बंगाल में 37 वर्गों को दिए गए ओबीसी (अन्य पिछड़े वर्ग) आरक्षण कलकत्ता हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया। इस पर सीएम ममता बनर्जी बगावत पर उतर आईं। सीएम बनर्जी अदालत के फैसले को मानने को ही तैयार नहीं हुई। उन्होंने कहा है कि ओबीसी दर्जा रद्द करने और ओबीसी सर्टिफिकेट रद्द करने का अदालत का फैसला उनको स्वीकार्य नहीं है। केंद्र सरकार और अदालतों के आदेशों के प्रति पूर्वाग्रह का नजरिया रखने वाली पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की विरोध की यह प्रवृत्ति चिकित्सकों के आंदोलन में काम नहीं आ सकी। मुख्यमंत्री ममता शायद भूल गई कि यह मुद्दा राजनीतिक नहीं बल्कि प्रदेश के लोगों से जुड़ा हुआ है। इससे निपटने के तौर-तरीके अलग हैं। यदि लोगों की आवाज नहीं सुनी जाएगी तो जिस बूते केंद्र और अदालतों का विरोध किया जा रहा है, वह नींव खिसक जाएगी।

**- योगेन्द्र योगी**

# हिंदुत्व में रुकावट हैं दलितों पर अत्याचार

हिंदुओं की एकता की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी का यह सपना शायद ही कभी पूरा हो सकेगा। देश में अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचारों के मामले में देशभर में उत्तरप्रदेश पहले, मध्यप्रदेश दूसरे और राजस्थान तीसरे स्थान पर है। इन तीनों ही राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। सर्वाधिक आश्चर्य यह है कि हाशिए पर रह रहे इन वर्गों पर अत्याचारों का मामला राष्ट्रीय मुद्दा नहीं बन सका। इन वर्गों की दुहाई के लिए घडियाली आंसू बहाने वाले राजनीतिक दलों और संगठनों ने इन अत्याचारों पर धरना-प्रदर्शन करना तो दूर, मुंह तक नहीं खोला। भाजपाशासित राज्यों में एससी-एसटी पर अत्याचार शीर्ष पर होने के बावजूद यह मुद्दा चिंता का विषय नहीं बन सका। अत्याचारों के आंकड़ों की यह तस्वीर भाजपा के हिंदुओं के एकता प्रयासों की सच्चाई उजागर करती है। एक सरकारी रिपोर्ट से पता चला है कि वर्ष 2022 में अनुसूचित जातियों (एससी) के खिलाफ 97.7 प्रतिशत अत्याचार 13 राज्यों में केंद्रित थे, जिनमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में ऐसे मामलों की सबसे अधिक संख्या दर्ज की गई। उत्तर प्रदेश में 12287 मामले (23.78 प्रतिशत), राजस्थान में 8651 मामले (16.75 प्रतिशत) और मध्य प्रदेश में 7732 मामले (14.97 प्रतिशत) दर्ज किए गए। इसके अलावा अन्य राज्यों में अधिक मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें बिहार में 6799 मामले (13.16 प्रतिशत), ओडिशा में 3576 मामले (6.93 प्रतिशत) और महाराष्ट्र में 2706 मामले (5.24 प्रतिशत) शामिल हैं। वर्ष 2022 में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत दर्ज किए गए कुल मामलों में से लगभग 81 प्रतिशत केवल इन छह राज्यों में दर्ज किए गए। इस अधिनियम के तहत 2022 में अनुसूचित जातियों के खिलाफ कुल 51656 मामले दर्ज किए गए। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि ये मामले भारतीय दंड संहिता के तहत भी दर्ज किए गए थे। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि एसटी के खिलाफ अत्याचार के अधिकांश मामले भी 13 राज्यों में हुए।

एसटी से जुड़े 9735 मामलों में से मध्य प्रदेश में 2979 मामले (30.61 प्रतिशत), राजस्थान में 2498 मामले (25.66 प्रतिशत) और ओडिशा में 773 मामले (7.94 प्रतिशत) दर्ज किए गए। एसटी से संबंधित अन्य मामलों में महाराष्ट्र में 691 मामले (7.10 प्रतिशत) और आंध्र प्रदेश में 499 मामले (5.13 प्रतिशत) शामिल हैं। इस रिपोर्ट में जांच और चार्जशीट से संबंधित डेटा भी प्रस्तुत किया गया है। अनुसूचित जाति से संबंधित मामलों में 60.38 प्रतिशत मामलों में आरोपपत्र दाखिल किए गए, जबकि झूठे दावों या सबूतों की कमी के कारण 14.78 प्रतिशत मामलों में अंतिम रिपोर्ट दी गई। वर्ष 2022 के अंत तक 17166 मामलों की जांच अभी भी लंबित थी। अनुसूचित जनजाति से संबंधित मामलों में 63.32 प्रतिशत मामलों में आरोपपत्र दाखिल किए गए, जबकि 14.71 प्रतिशत मामलों में अंतिम रिपोर्ट दी गई। 2022 के अंत तक 2702 मामलों की जांच जारी थी। रिपोर्ट में एक प्रमुख चिंता अधिनियम के तहत दोषसिद्धि दर में गिरावट है। साल 2022 में यह दर 2020 के 39.2 प्रतिशत से घटकर 32.4 प्रतिशत हो गई। रिपोर्ट में इन मामलों के निपटारे के लिए विशेष अदालतों की अपर्याप्त संख्या पर भी चिंता व्यक्त की गई है। 14 राज्यों के 498 जिलों में से केवल 194 जिलों ने विशेष अदालतें स्थापित की हैं ताकि मामलों की तेजी से सुनवाई हो सके। रिपोर्ट में ऐसे विशिष्ट जिलों की पहचान की गई है जहां अत्याचार की घटनाएं काफी अधिक हैं, लेकिन केवल 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने ऐसे जिलों की घोषणा की है। उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में, जहां अनुसूचित जाति से संबंधित मामलों की अधिक संख्या दर्ज की गई, वहां कोई अत्याचार-ग्रस्त जिला नहीं बताया गया। रिपोर्ट में जाति आधारित हिंसा को रोकने और कमजोर समुदायों के लिए मजबूत सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इन जिलों में हस्तक्षेप करने का आह्वान किया गया है। अनुसूचित जाति-जनजाति पर अत्याचारों की रोकथाम करने के लिए किए गए सरकारी उपाय दिखावटी साबित हुए हैं। यह समस्या सुरसा की तरह मुंह फाड़े चली आ रही है। आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों में एससी/एसटी संरक्षण प्रकोष्ठ स्थापित किए गए हैं। बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, केरल और मध्य प्रदेश में एससी/एसटी अपराधों से निपटने के लिए विशेष पुलिस स्टेशन स्थापित किए गए हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो इन वर्गों पर अत्याचारों के मामले में पुलिस की भूमिका पर सवालिया निशान लगते रहे हैं।

यदि पुलिस ईमानदारी से कार्रवाई करती तो अत्याचारों के इन आंकड़ों की नौबत नहीं आती। एससी-एसटी अधिनियम-1989 संसद द्वारा पारित एक अधिनियम है जो एससी एवं एसटी समुदायों के सदस्यों के विरुद्ध भेदभाव का निषेध करने तथा उनके विरुद्ध अत्याचार को रोकने के लिए बनाया गया है। यह अधिनियम इस निराशाजनक वास्तविकता को भी स्वीकार करता है कि अनेक उपाय करने के बावजूद अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों को उच्च जातियों के हाथों विभिन्न प्रकार के अत्याचारों का सामना करना पड़ रहा है। यह अधिनियम संविधान के अनुच्छेद 15 (भेदभाव का प्रतिषेध), 17 (अस्पृश्यता का उन्मूलन) और 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का संरक्षण) में उल्लिखित संवैधानिक सुरक्षा उपायों को ध्यान में रखते हुए लागू किया गया है, जिसका दोहरा उद्देश्य इन कमजोर समुदायों के सदस्यों की सुरक्षा के साथ-साथ जाति आधारित अत्याचारों के पीड़ितों को राहत और पुनर्वास प्रदान करना है। संशोधित एससी/एसटी अधिनियम-2018 में प्रारंभिक जांच अनिवार्य नहीं है और इन पर अत्याचार के मामलों में एफआईआर दर्ज करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की नियुक्ति हेतु प्राधिकारी की पूर्व अनुमति की भी आवश्यकता नहीं है। एससी-एटी के उत्थान के लिए बनी संसदीय समिति की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले चार वर्षों में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने संसद में एक भी रिपोर्ट पेश नहीं की है।

**-योगेंद्र योगी**

# राशिफल

**आश्विन कृष्ण पक्ष : त्रयोदशी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोक कर रखें। मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान थोड़ा मध्यम रहेगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
गृह कलह के संकेत हैं। घरेलू सुख बाधित रहेगा लेकिन भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य अच्छा है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
पराक्रमी बने रहेंगे। व्यावसायिक पराक्रम आपको व्यावसायिक सफलता दिलाएगा। जो भी अपने योजनाएं बनाई हैं।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
प्रेम और संतान में दूरी बनी हुई है। व्यावसायिक दृष्टिकोण से बहुत अच्छा समय ये नहीं कहा जाएगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
सिंह राशि की स्थिति- बहुत अच्छा व्यक्तित्व निखर के आपका आ रहा है। स्वास्थ्य में सुधार। एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन हो रहा है। मन व्यग्र रहेगा, परेशान रहेगा। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान ठीक-ठाक। व्यापार भी ठीक है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पुराने स्रोत से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम, संतान अच्छा, व्यापार बहुत अच्छा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
यात्रा का योग बन रहा है। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। स्वास्थ्य पहले से बेहतर, प्रेम, संतान का साथ रहेगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां अभी आपके अनुकूल नहीं रहेंगी।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
जीवनसाथी का भरपूर साथ मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी होगी। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात होगी।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। कार्यों की विघ्न बाधा खत्म होगी। अपनों का साथ होगा।

# कैंप लगाकर महिलाओं को दिलाई समाजवादी पार्टी की सदस्यता



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी महिला सभा द्वारा जिलाध्यक्ष डॉ. शशि यादव के नेतृत्व में दनकौर ननगर में समाजवादी महिला सभा की नगर अध्यक्ष गौरा जाटव के आवास पर सदस्यता भर्ती कैम्प का आयोजन किया गया।

इस दौरान दर्जनों महिलाओं ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। प्रदेश में महिला असुरक्षित है। भाजपा नीयत और नीति से पूरी तरह से महिला विरोधी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का हित समाजवादी पार्टी में सुरक्षित है, पार्टी के सत्ता में रहते महिलाओं और बेटियों के उत्थान के लिए उत्कृष्ट काम किये गये थे। इस मौके पर समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष डॉ शशि यादव ने कहा कि महिला उत्पीड़न, दुष्कर्म, छेड़खानी घटनाएं के मामलों पर अंकुश लगाने में भाजपा सरकार पूरी तरह से विफल साबित हुई है।

पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं पर अत्याचार बढ़ा है। महिलाओं को सुरक्षा देने में राज्य सरकार नाकाम साबित हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा महिलाओं के हित को लेकर की गई घोषणा झूठी साबित हुई है। भाजपा सरकार एक भी वादा पूरा नहीं कर पायी है। इस मौके पर मुख्य रुप से नरेंद्र नागर, देवेंद्र नेता भट्टा, दयाराम शास्त्री, महेश जाटव,अमित रौनी, वीरपाल नागर गौरा जाटव, काजल यादव, कुलदीप भाटी, मुकेश्री, रुकसार बेगम, सरोज खारी, हुकुम सिंह भारती, अनुज नागर, सुमित्रा, सुखवीरी, जयवती, शीतल, शशि, यशपाल भाटी, राकेश गौतम, जोरा भाटी, मुरारीलाल गौतम, कमल सिंह, दीपिका, मोनिका, भावना, अफसाना, अनीसा विमलेश, माया, सुनीता, संजीदा, चांदनी, नगीना केसर, आदि मौजूद रहे।

# राजवीर ने किया जिले का नाम रोशन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।**

मुंबई में एक्टिव फिटनेस की ओर से स्वाभिमान एक्सीलेंस अवार्ड इंडिया का आयोजन किया गया जिसमें गौतमबुद्धनगर के राजवीर सिसोदिया को बेस्ट फिटनेस यूट्यूब का पुरस्कार दिया गया।

दिल्ली के काउंसिल फॉर वेलफेयर ऑफ स्पोर्ट्समैन की तरफ से तिलकराज मलिक और कैबिनेट मंत्री रामदास अठावले ने उन्हें यह पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जनपद गौतमबुद्धनगर के मूल निवासी राजवीर सिंह सिसोदिया ने यह अवार्ड हासिल कर जिले एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। राजवीर सिसोदिया के सोशल मीडिया पर बहुत लोग फैन हैं। उन्होंने बेस्ट फिटनेस यूट्यूब का पुरस्कार मिलने पर सभी को बधाई दी है।




# अवैध निर्माण ध्वस्त

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जेपी ग्रीन सोसाइटी में नेचर पार्क बिल्डर द्वारा पार्क को घेर कर अतिक्रमण किया गया था इसके विरोध में जीपी सोसाइटी के निवासियों ने बिल्डर द्वारा किए गए अतिक्रमण को प्राधिकरण ने ध्वस्त कर दिया।

प्राधिकरण की टीम ने मुख्य कार्यपालक के निर्देश पर मौके पर पहुंचकर बिल्डर को अतिक्रमण नहीं करने के हिदायत दी। जेपी सोसाइटी में स्टार कोर्ट अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा ने निवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि जेपी बिल्डर लगातार एफ ए आर का उल्लंघन करते हुए अतिक्रमण करता चल रहा जा रहा है हम आगे और अतिक्रमण होने नहीं देंगे यह पार्क पूरे ग्रेटर नोएडा का है ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के पास इसकी मिल्कियत है बिल्डर ने निवासियों की नाजायज सहमति लगाकर प्राधिकरण में कागज दाखिल किए हैं सोमवार को जेपी सोसाइटी के सभी निवासी प्राधिकरण पहुंचकर जेपी ग्रीन में हुए अतिक्रमण की जांच के लिए जांच कमेटी के गठन की मांग करेंगे। आज मौके पर सचिव त्रिलोचन सिंह नरवीर सिरोही देवेंद्र भाटी वीणा सिंह छाया यादव बीना सिंह अनन्या शर्मा करनाल शर्मा एमसी शर्मा रेखा शर्मा विशाल चौधरी जीएस चतुर्वेदी एवं अन्य सैकड़ो निवासी मौके पर उपस्थित रहे और बिल्डर द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को तोड़कर ध्वस्त कर दिया बिल्डर के विरुद्ध सभी ने नारे लगाए और नेचर पार्क को बचाने का संकल्प लिया।

# भाकियू (बलराज) का धरना जारी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के नेतृत्व में पैरामाउंट गोल्फ फोरेस्ट सोसायटी निवासियों का पैरामाउंट गोल्फ फोरेस्ट मार्केटिंग आफिस गेट पर अनिश्चितकालीन धरना 39वें दिन भी लगातार जारी रहा। सोसायटी निवासी आर पी सिंह ने बताया कि पैरामाउंट बिल्डर की गुंडागर्दी इस कदर बढ गई है कि धरने को तोड़ने के लिए हर तरह के हथकंडे अपना रहा है 23 सितम्बर को अपने गुंडों से महापंचायत के बैनरों को फडवा दिया था और शनिवार रात लगभग 10 बजे अपने गुंडों को धरनास्थल पर भेजकर धरनारत सोसायटी निवासियों को जान से मारने की नियत से भेजा उन्होने पहले धरनास्थल के बैनर को फाड दिया सोसायटी निवासियों के विरोध करने पर उन्हे गाली-गलौज की और जानसे मारने की धमकी दी उनके पास अवैध हथियार भी थे यह सब घटना धरनास्थल पर ड्यूटी मै तैनात पुलिस की मौजूदगी मै घटी पुलिस मूकदर्शक बनी घटना को देखती रही

सोसायटी निवासी संगठन के यूथ राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकुमार नागर ने बताया कि घटना की जानकारी सूरजपुर पुलिस को दी पुलिस धरनास्थल पर आयी लेकिन कार्यवाही के बिना ही वापस लौट गयी तो जब संगठन के कार्यकर्ताओ को इस घटना की जानकारी हुई तो संगठन के




कार्यकर्ता धरनास्थल पर इकट्ठा हो गये और सूरजपुर थाने मै शिकायत दर्ज कराने थाने पहुँचें पुलिस ने शिकायत दर्ज करने से इंकार कर दिया और बिल्डर के गुंडों की तरफदारी करने लगी तो सोसायटी निवासी और संगठन के कार्यकर्ता थाने मै ही बैठ गए और अपनी शिकायत दर्ज करने के लिए आग्रह करने लगे तो थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने कार्यकर्ताओ और पैरामाउंट गोल्फ फोरेस्ट सोसायटी निवासियों के साथ अभद्रता से पेश आये और गाली-गलौज की और बदमाशों की तरह देख लेने की धमकी दी है जिससे क्षुब्ध होकर कार्यकर्ताओ ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी से राष्ट्रीय कैम्प कार्यालय पर मुलाकात कर महापंचायत की रणनीति बनाई और राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यकर्ताओ के साथ धरनास्थल पर पहुँच कर सभी को 8 अक्टूबर को होने वाली विशाल महापंचायत की तैयारी के लिए निर्देशित किया।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने कहा कि पुलिस-प्रशासन खुलेआम बिल्डर और उनके गुंडों का पक्ष ले रही है 8 अक्टूबर को होने वाली विशाल महापंचायत मै अब आरपार की लडाई होगी सूरजपुर थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने कार्यकर्ताओ के साथ जो गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किया है और गुंडों की तरह जो धमकियाँ दी है उसका भी जवाब मांगा जायेगा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा सिवाल, प्रदेश अध्यक्ष हातम सिंह भाटी,यूथ राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकुमार नागर, यूथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सचिन शर्मा, राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य चंद्रपाल बंसल, राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य बाबा रगींलाल, यूथ उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विपिन खारी, प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष नागर, प्रदेश महासचिव दिलदार अंसारी, महानगर अध्यक्ष योगेश वैष्णव, उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश भडाना, जिलाध्यक्ष रामबीर भाटी, जिलाध्यक्ष मुरादाबाद फहीम, आर पी सिंह, किशोर चतुर्वेदी, जितेंद्र गंगवार, दर्पण रहेजा, मनोज अग्रवाल, महेश शर्मा, डाक्टर नवीन भाटी, भगवंत सिंह, आदि मौजूद रहे।

# शोक सभा में उमड़े लोग




**नोएडा (चेतना मंच)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद कामरेड सीताराम येचुरी की तालकटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में आयोजित शोक सभा में पार्टी व जन संगठनों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और समर्थकों/ चाहने वाले हजारों हजार लोगों ने कामरेड सीताराम येचुरी अमर रहे, कामरेड सीताराम को लाल सलाम, कामरेड सीताराम यह पैगाम जारी रखना है संग्राम के गगनभेदी नारों के साथ नम आंखों से दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

नोएडा से सीपीआई(एम) जिला प्रभारी व सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, पार्टी जिला सचिव व किसान सभा जिलाध्यक्ष कामरेड रुपेश वर्मा, सीटू नेता पूनम देवी, राम स्वारथ, रंजीत सिंह, सुनील पंडित, रणजीत तिवारी, विकास कुमार, नरेंद्र पांडे, भरत डेंजर, जोगेंद्र सिंह सैनी, जनवादी महिला समिति के नेता रेखा चौहान, गुड़िया देवी, पिंकी, आशा यादव किसान नेता अजीपाल भाटी, सतीश यादव आदि के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने तालकटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में आयोजित शोक सभा में पहुंचकर कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

शोक सभा की अध्यक्षता सीपीआई एम नेता कामरेड प्रकाश करात ने किया और कामरेड वृंदा करात ने शोक प्रस्ताव रखा। संचालन नेता कामरेड जोगेंद्र शर्मा ने किया। शोक सभा को कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला, समाजवादी पार्टी के नेता रामगोपाल यादव, डीएम के नेता कनिमोझी, एनसीपी नेता सुप्रिया सूले, आम आदमी पार्टी के नेता गोपाल राय, सीपीआई नेता कामरेड डी राजा सहित विभिन्न दलों के नेताओं ने संबोधित किया।

# पृष्ठ एक के शेष....

**सेक्टर-62 में 15...**

पास ही एफओबी बनाया जाएगा। यहां पैदल लोग अधिक संख्या में सड़क पार करते हैं। इसके अलावा गोलचक्कर के पास ही बने शौचालय को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा। यहां ऑटो वालों के बेढंग से खड़े होने के कारण जाम लगता है।

**रात भर एनकाउंटर...**

उन्होंने बताया कि पुलिस ने फिल्म सिटी के पास बदमाशों को घेर लिया। अपने आप को पुलिस से घिरा हुआ देखकर बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली नीरज पुत्र दर्शन निवासी सब्जी मंडी ग्राम हरौला नोएडा सेक्टर-5 को लगी है। उन्होंने बताया कि घायल अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इसके पास सेएक देसी तमंचा, मोटरसाइकिल तथा विभिन्न जगहों से लूटे हुए तीन मोबाइल फोन बरामद किया है। उन्होंने बताया कि उक्त बदमाश के ऊपर पूर्व में गैंगस्टर, लूट, चोरी सहित विभिन्न धाराओं में नौ मुकदमे दर्ज है।

थाना सेक्टर-58 पुलिस ने एक मुठभेड़ के दौरान पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली एक बदमाश के पैर में लगी है। अपर पुलिस उपायुक्त मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि थाना सेक्टर-58 पुलिस खोड़ा तिराहे के पास चैकिंग कर रही थी, तभी रजत विहार की तरफ से गलत दिशा से वाहन चलाते हुए दो मोटरसाइकिल पर सवार पांच लड़के आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो वे रुकने की बजाए रेडिशन होटल के रेड लाइट की तरफ भागने लगे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने पीछा करके उन्हें घेर लिया। अपने आपको पुलिस से घिरा हुआ देखकर बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। उन्होंने बताया की जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली पिंटू उर्फ नेवला के पैर में लगी है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अन्य साथियों आफताब अली पुत्र शमशाद, सौरभ कटियार पुत्र अरबन कटियार, कृष्णा उर्फ शोभा पुत्र मोहन भंडारी, संजीव उर्फ मोटा पुत्र विजयपाल को पुलिस ने पीछा करके पकड़ लिया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने दो मोटरसाइकिल, एक देशी तमंचा, चार अवैध चाकू तथा विभिन्न जगहों से लूटे हुए 9 मोबाइल फोन बरामद किया है।

थाना फेस-3 पुलिस ने एक पुलिस मुठभेड़ के दौरान सेक्टर-121 के पास से दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली उनके पैर में लगी है। इन बदमाशों ने लूटपाट की दर्जनों वारदातें करनी स्वीकार की है। फेस-तीन पुलिस बीती रात को क्लियो काउंटी तिराहे पर चेकिंग कर रही थी, तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो बदमाश आते हुए दिखाई दिए। शक होने पर पुलिस ने उन्हें रूकने का इशारा किया तो बदमाश रुकने की बजाए क्लियो काउंटी सोसाइटी से सेक्टर-67 की तरफ भागने लगे। उन्होंने बताया कि पुलिस उनका पीछा किया। इसी दौरान बदमाशों की मोटरसाइकिल फिसल कर गिर गई। बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी गोली चलाई। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा चलाई गई गोली रिशु पुत्र सत्यनारायण निवासी त्रिलोकपुरी दिल्ली तथा अमित कुमार पुत्र श्यामलाल निवासी जनपद शाहजहांपुर के पैर में लगी है। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने दो देशी तमंचे, कारतूस, विभिन्न जगहों से लूटे हुए 14 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद किया है। उन्होंने बताया कि ये बदमाश एनसीआर में लूटपाट की 100 से ज्यादा वारदाते अब तक कर चुके हैं। इनके खिलाफ दर्जनों मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

**मप्र. के कुख्यात पारदी...**

बदमाश भगत पारदी, खलनायक पारदी, विनोद पारदी व राहुल पारदी ने बताया कि इन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर लोनी बॉर्डर क्षेत्र मे ज्वैलर्स की दुकान मे चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जिसमें उनके कुछ साथी पूर्व मे पकडे जा चुके है। इसी घटना मे 2 फरार अभियुक्त भगत पारदी व खलनायक पारदी की गिरफ्तारी पर पूर्व से अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा रू0 50,000-50,000/- का नगद पुरूस्कार घोषित था।

**नवविवाहिता के...**

सहित पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस घटना की जांच कर रही है

# महा पड़ाव को लेकर हुई पंचायत

**नोएडा (चेतना मंच)।** 14 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट को किसान महापड़ाव की तैयारी के लिए घोड़ी गांव में एक पंचायत हुई।

पंचायत को संबोधित करते हुए किसान सभा के जिला संयोजक वीर सिंह नागर ने कहा कि किसान सभा चरणबद्ध तरीके से आंदोलन में जुटी हुई है किसान सभा के 21 फरवरी के दिल्ली चलो आंदोलन के कारण उत्तर प्रदेश सरकार 10 परसेंट के मुद्दे सहित अन्य मुद्दों पर हाई पावर कमेटी का गठन करने करने के लिए मजबूर हुई थी। कमेटी ने अपने रिपोर्ट 31 अगस्त को माननीय मुख्यमंत्री को दाखिल कर दी थी जिलाधिकारी महोदय जो कमेटी के सदस्य भी रहे हैं।

उनसे किसान सभा ने रिपोर्ट की कॉपी मांगी तो उन्होंने देने से यह कहकर असमर्थता जाहिर कर दी कि ऊपर के अधिकारियों ने रिपोर्ट देने से मना किया है रिपोर्ट शासन स्तर पर जमा होने के बाद पब्लिक डॉक्यूमेंट बन गई है इसे छुपाए रखना सरासर नाइंसाफी है और किसानों को अंधेरे में रखने के बराबर है इसलिए किसान सभा ने 14 अक्टूबर को भारतीय किसान परिषद जय जवान जय किसान



संगठन के साथ मिलकर कलेक्ट्रेट पर महापड़ाव डालने की घोषणा की है महापड़ाव रिपोर्ट को सार्वजनिक करने तक जारी रहेगा। किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा ने ऐलान करते हुए कहा कि ढाई लाख से अधिक किसान सीधे-सीधे 10 प्रतिशत के मुद्दे से प्रभावित है, कमेटी को मुख्य रूप से 10 प्रतिशत के मुद्दे, अधिग्रहण कानून के मुद्दे पर अपनी रिपोर्ट देनी थी कमेटी अपने रिपोर्ट दे चुकी है किसान सभा का संकल्प है कि 10 परसेंट का मुद्दा हल करा कर ही रहेंगे। किसान सभा के जिला महासचिव जगबीर नंबरदार ने संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि किसानों के इस मुद्दे पर जरा भी गंभीर नहीं है।

पंचायत को भोजराज रावल सतवीर रावल गजेंद्र रावल विनोद रावल सुधीर रावल केशव रावल अनिल रावल संत रावल मोहन रावल श्यामवीर रावल संदीप रावल राजकुमार शर्मा अजय शर्मा सोनू रावल मोनू रावल ह्रदेश शर्मा दलपत रावल शांति देवी ओमवती यशोदा गुड्डी कमला राजकुमारी अजयपाल भाटी वीर सिंह नेताजी डॉक्टर रुपेश वर्मा जगबीर नंबरदार अनिल एवं विशाल ने संबोधित किया एवं सैकड़ो की संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता की दादी का निधन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी के नगर महामंत्री दादरी विशाल भारद्वाज की दादी बीरमा देवी (90 वर्षीय) का गत दिवस निधन हो गया। उनके निधन की खबर पाकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त किया है। बीरमा देवी अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। बीरमा देवी के निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में सोमेश गुप्ता, दिनेश गर्ग, जतन लाल गर्ग, श्रीमती गीता पंडित, आशीष वत्स, अतुल पंडित, अन्नू पंडित, प्रेम पंडित सहित कई मुख्य लोग रहे।

# समान शिक्षा-चिकित्सा कानून के लिए अन्ना हजारे से मांगा समर्थन



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में करप्शन फ्री इंडिया संगठन के द्वारा धरना प्रदर्शन कर उत्तर प्रदेश की सरकार से प्रदेश में समान शिक्षा सामान चिकित्सा कानून बनवाने की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है इस आंदोलन में समर्थन के लिए करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय महाराष्ट्र की पहुंचकर समाजसेवी अन्ना हज़ारे से समर्थन मांगा।

करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय ने बताया कि प्रदेश में शिक्षा और चिकित्सा की स्थिति बहुत ही दयनीय है प्रदेश के गरीब किसानों के बच्चों को बेहतर शिक्षा एवं उनके परिवारों को बेहतर चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही हैं उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र के माध्यम से कई बार मांग की गई है कि प्रदेश में प्रधान से लेकर और प्रदेश के मुख्यमंत्री तक एवं चपरासी से लेकर जिलाधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़े जहां किसानों के बच्चे पढ़ते हैं इसी तरह इन सभी का इलाज भी उनके क्षेत्र में पढ़ने वाले सरकारी अस्पतालों में हो ताकि उनकी स्थिति ठीक हो सकें। चौधरी प्रवीण भारतीय ने बताया कि इस आंदोलन को तेजी के साथ पूरे प्रदेश में फैलाया जाएगा। आंदोलन को सफल बनाने के लिए महाराष्ट्र पहुंचकर अन्ना हजारे जी को लिखित पत्र देकर आंदोलन में समर्थन की मांग की है।

इस दौरान चौधरी प्रवीण भारतीय कृष्ण पाल यादव आकाश नागर गौरव शर्मा भोपाल चौधरी संदीप पठारे कल्पना इनामदार सरदार सुखदेव सिंह सरदार सुखजीत सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### जीसीएमएमएफ का कारोबार बढ़कर 59,445 करोड़

**नई दिल्ली।** अमूल ब्रांड के तहत डेयरी उत्पाद बेचने वाली गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ लिमिटेड (जीसीएमएमएफ) ने कहा कि बेहतर बिक्री के चलते बीते वित्त वर्ष 2023-24 में उसका कारोबार आठ प्रतिशत बढ़कर 59,445 करोड़ रुपये हो गया है। सहकारी समिति ने अपनी 50वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के बाद एक बयान में कहा ?कि जीसीएमएमएफ के स्वर्ण जयंती वर्ष में संगठन ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आठ प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ 59,545 करोड़ रुपये (सात अरब डॉलर) का कारोबार किया। ब्रांड अमूल का समूह कारोबार वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 80,000 करोड़ रुपये हो गया, जो 2022-23 में 72,000 करोड़ रुपये ब्रिटेन स्थित दुनिया की अग्रणी ब्रांड परामर्श कंपनी ब्रांड फाइनेंस के अनुसार अमूल को दुनिया का सबसे मजबूत खाद्य ब्रांड और सबसे मजबूत डेयरी ब्रांड का दर्जा दिया गया है।

### आरईसी ने ग्रीन बॉन्ड के जरिये 50 करोड़ डॉलर जुटाए

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लिमिटेड ने नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को समर्थन देने के लिए हरित बॉन्ड के जरिये 50 करोड़ डॉलर जुटाए हैं। आरईसी ने बयान में कहा कि पांच-वर्षीय बॉन्ड पर कूपन दर (ब्याज) 4.75 प्रतिशत सालाना है, जिसका भुगतान छमाही आधार पर किया जाएगा। इसकी पूर्ण होने की तिथि 27 सितंबर, 2029 है। यह 2024 में किसी भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम द्वारा जारी किया जाने वाला पहला डॉलर बॉन्ड है। यह कोष कंपनी के वैश्विक स्तर पर 10 अरब डॉलर जुटाने के वैश्विक मध्यम अवधि कार्यक्रम का हिस्सा है। आरईसी लिमिटेड के एक पावरफुल गाड़ियों में शुमार है महिंद्रा थार आरओएक्सएक्स

### 182 बोतल नेपाल शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बेतिया।** बेतिया पुलिस ज़िला के बलथर थाना स्थित सीमावर्ती गांव लाइन परसा के पास रविवार शाम को बाइक पर लदे 182 बोतल नेपाली शराब समेत एक धंधेबाज को धर-दबोचा। धराये धंधेबाज की पहचान गोपालपुर थाने के डकही गांव निवासी जितेन्द्र साह के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि सिकटा-बलथर पथ के सीमावर्ती गांव लाइन परसा के रास्ते भारी मात्रा में नेपाली शराब निकलने की सूचना मिलते ही लाइन परसा गांव के पास पुलिस जवान नाकेबंदी कर दी।

### मोबाइल छीनने के आरोप में तीन युवकों को किया गिरफ्तार

**किशनगंज।** सदर थाना की पुलिस ने रविवार को मोबाइल छिनने के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया युवक मनोज राम, शेर मोहम्मद मोतिहारा व सरफराज ओदरा का रहने वाला है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार तीनों युवकों पर गाछपारा में एक युवक से मोबाइल छीनने का आरोप है।

### ब्राह्मण महासभा ने की बाढ़ पीड़ितों की मदद

**सहरसा।** कोशी की जलस्तर बढ़ने से दर्जनों गांव प्रभावित हुए है। लोग कोशी मां से प्रार्थना कर रहें हैं कि जलस्तर न बढ़े नहीं तो स्थिति भयावह हो सकती है। इसी बीच तटबंध के अंदर कई गाँव प्रभावित है। लोग अपना घर छोड़कर बांध पर आ गए है। नवहट्टा प्रखंड के नौलखा गांव में जा कर ब्राह्मण महासभा सहरसा ने राहत सामग्री का वितरण किया।

# 6 कंपनियां आईपीओ से जुटाएगी 60,000 करोड़




- सितंबर के अंत से दिसंबर के बीच 30 से अधिक आईपीओ आएंगे।
- हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड आईपीओ से 25,000 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी में है।
- भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के 21,000 करोड़ रुपये के आईपीओ के आंकड़े को पार कर सकता है।

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अक्टूबर- नवंबर माह में हुंदै मोटर इंडिया, स्विगी और एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी सहित 6 से अधिक कंपनियां लगभग 60,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की योजना बना रही हैं। मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों ने यह जानकारी दी। इन तीन कंपनियों के अलावा एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, वारी एनर्जीज, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस, वन मोबिक्विक सिस्टम्स और गरुड़ कंस्ट्रक्शन उन कंपनियों में हैं, जो अक्टूबर-नवंबर के दौरान आईपीओ लाने पर विचार कर रही हैं। ये कंपनियां मिलकर आईपीओ से 60,000 करोड़ रुपये तक जुटा सकती हैं। इक्विरास के एक वरिष्ठ अधिकारी को उम्मीद है कि सितंबर के अंत से दिसंबर के बीच 30 से अधिक आईपीओ आएंगे। ये आईपीओ विभिन्न क्षेत्रों और आकार के होंगे। इनमें नए शेयर जारी किए जाएंगे और बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी शामिल होगी। दक्षिण कोरिया की हुंदै मोटर कंपनी की भारतीय अनुषंगी हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड आईपीओ से 25,000 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी में है। यह देश का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ होगा। यह भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के 21,000 करोड़ रुपये के आईपीओ के आंकड़े को पार कर सकता है। स्विगी नए शेयरों की बिक्री और ओएफएस के जरिये 10,414 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य बना रही है। इसके अलावा सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी की नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी नवंबर के पहले सप्ताह में अपना 10,000 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने की योजना बना रही है।

## महाराष्ट्रीयन व्यंजनों का स्वाद चखकर सुकून मिलता है : बिग बी



एजेंसी

**मुंबई।** केबीसी के 16वें सीजन, सोनी एंटरटेनमेंट टीवी पर एक आगामी एपिसोड में, दर्शक महाराष्ट्र के बीड निवासी किशोर अहीर को हॉट सीट पर बैठे हुए देखेंगे। खाने से जुड़ी एक आनंददायक बातचीत के दौरान, उन्होंने अपने शुरूआती दिनों की कुछ दिल छूने वाली बातें याद की, उन दिनों, वह अक्सर मुंबई के एक छोटे महाराष्ट्रीयन रेस्तरां में जाते थे, जो कम कीमतों पर स्वादिष्ट खाना दिया करता था। इस दिलचस्प बातचीत में, किशोर ने बच्चन से उनके पसंदीदा महाराष्ट्रीयन व्यंजन के बारे में पूछा, लोकप्रिय वड़ा पाव को छोड़कर। यह सवाल सुनकर बच्चन की आंखों में चमक आ गई और उन्होंने जवाब दिया, वड़ा पाव अब यूनिवर्सल हो गया है, लेकिन श्रीखंड मेरी पसंदीदा मिठाई है। इसमें वाकई कुछ खास है।

## बिग बिलियन डेज की भारत में त्योहारी सीजन की शुरुआत

एजेंसी

**रांची।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपने बहुप्रतीक्षित द बिग बिलियन डेज (टीबीबीडी) 2024 के 11वें संस्करण की शुरूआत कर दी है। फ्लिपकार्ट वीआईपी और प्लस ग्राहकों के लिए 26 सितंबर को अर्ली एक्सेस (एक दिन पहले) के साथ 27 सितंबर से सभी ग्राहकों के लिए टीबीबीडी की शुरूआत हो गई है। अर्ली एक्सेस डे और पहले दिन कुल मिलाकर 33 करोड़ से ज्यादा यूजर विजिट्स देखने को मिले, जो देशभर के खरीदारों के त्योहारी उत्साह को दिखाता है। मोबाइल, फूड एंड न्यूट्रिशन और ग्रूमिंग कैटेगरी में बढ़ती मांग के साथ शुरूआती ट्रेंड्स आगे जबर्दस्त त्योहारी सीजन का संकेत दे रहे हैं।




टीबीबीडी 2024 के शुरूआती ट्रेंड्स ग्राहकों का जबर्दस्त उत्साह दिखा रहे हैं। मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, लार्ज अप्लायंसेज, फैशन, ब्यूटी एवं होम प्रोडक्ट्स जैसी कैटेगरी में ग्राहकों के बीच सबसे ज्यादा मांग देखने को मिली। एक ओर जहां नई दिल्ली, कोलकाता, हैदराबाद, बेंगलुरु जैसे मेट्रो शहरों में टीबीबीडी के पहले 24 घंटों में ग्राहकों की तरफ से मांग में वृद्धि देखने को मिली, वहीं मेदिनीपुर, हिसार, बरहामपुर, बांकुरा और अगरतला जैसे छोटे शहरों से भी जबर्दस्त मांग दर्ज की गई है। एथनिक वियर, वेस्टर्न वियर, स्पोर्ट्स फुटवियर, कैजुअल फुटवियर एवं फॉर्मल फुटवियर जैसे प्रोडक्ट्स की शॉपिंग करते हुए ग्राहक अपनी लाइफस्टाइल को अपग्रेड कर रहे हैं। द बिग बिलियन डेज के 11वें संस्करण के मौके पर फ्लिपकार्ट के वाइस प्रेसिडेंट झ्र ग्रोथ हर्ष चौधरी ने कहा, ‍ह्यहर साल भारत में त्योहारी सीजन की शुरूआत द बिग बिलियन डेज के साथ होती है, जो पूरे इकोसिस्टम को साथ लाता है। यह सिर्फ एक शॉपिंग फेस्टिवल नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर विकास, नवाचार एवं गठजोड़ को बढ़ावा देने का अवसर है, साथ ही विभिन्न वर्गों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करता है। फ्लिपकार्ट ने भारत में डिजीटलीकरण के सफर को सक्षम बनाया है और द बिग बिलियन डेज की इसमें अहम भूमिका रही है।

## सुपरनैचुरल-कॉमेडी ब्रो का प्रीमियर जी अनमोल पर




एजेंसी

**मुंबई।** हमारी जिंदगी पर हमारा कितना नियंत्रण है। यह सवाल अक्सर हमारे मन में आता है। खुद की खोज और मुक्ति के विचार को साकार करते हुए, जी अनमोल सिनेमा बुधवार, 2 अक्टूबर को शाम 7 बजे ब्रो का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर लेकर आ रहा है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता समुथिरकानी द्वारा निर्देशित, ब्रो में चाचा-भतीजे की जोड़ी पवन कल्याण और साई धरम तेज है, जिनके साथ प्रिया प्रकाश वारियर और केतिका शर्मा जैसे बेमिसाल कलाकार हैं। नैतिकता और नश्वरता की इस शानदार प्रस्तुति के साथ, फिल्म में पावर स्टार पवन कल्याण और साई धरम तेज की दिलचस्प जोड़ी है। फिल्म में बढ़िया डुएट गाने हैं, और इसकी दमदार परफॉर्मेंस, हैरतअंगेज दृश्य और जबर्दस्त साउंडट्रैक इसे सभी उम्र के दर्शकों के लिए एक आकर्षक अनुभव बनाते हैं। ब्रो के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के मौके पर निर्देशक समुथिरकानी ने कहा, ब्रो मेरे बेस्ट काम के रूप में सामने आई है।

## रोल्स-रॉयस कलिनन सीरीज-2 की हुई लॉन्चिंग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में लग्जरी कार निमार्ता रोल्स-रॉयस ने अपनी सुपर लग्जरी एसयूवी, रोल्स-रॉयस कलिनन सीरीज-2 लांच कर दी है। बता दें कि प्रत्येक रोल्स-रॉयस कार कस्टम-मेड होती है, इसलिए कीमत ग्राहक की पसंद के अनुसार भिन्न हो सकती है। नई एसयूवी की डिलीवरी 2024 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2025) से शुरू होगी। कलिनन सीरीज-2 ने इस साल मई में वैश्विक स्तर पर अपनी शुरूआत की थी। इस नए मॉडल में कई नए इंटीरियर्स और फीचर्स के साथ संशोधित स्टाइलिंग देखने को मिलती है, लेकिन इंजन वही 6.75-लीटर ट्विन-टर्बोचार्ज्ड वी12 इंजन है, जो 571एचपी की पावर और 850एनएम का टॉर्क उत्पन्न करता है। ब्लैक बैज वेरिएंट में यह इंजन 600एचपी की पावर और 900एनएम का टॉर्क देता है। डिजाइन के मामले में, कलिनन सीरीज-2 में नए डिजाइन वाला फ्रंट और नई एलईडी डेटाइम रनिंग लाइट्स शामिल हैं। रियर बम्पर में स्टेनलेस-स्टील स्किड प्लेट और एल्यूमीनियम पहियों का आकार 23 इंच तक बढ़ाया गया है। इंटीरियर्स में, सीरीज-2 में नया पिलर-टू-पिलर ग्लास-पैनल फाशिया और डुअल-स्क्रीन सेटअप दिया गया है, जिसमें डिजिटल इंस्ट्रूमेंट्स और इंफोटेनमेंट सिस्टम के लिए डिस्प्ले शामिल हैं। इसमें रोल्स-रॉयस का स्पिरिट ऑपरेटिंग सिस्टम भी है, जो पहली बार ऑल-इलेक्ट्रिक स्पेक्ट्रे के साथ पेश किया गया था।

## कृषि स्टार्टअप का प्रशिक्षण महत्वपूर्ण : शिवराज सिंह चौहान



एजेंसी

**नई दिल्ली।** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश में कृषि स्टार्टअप के लिए प्रशिक्षण महत्वपूर्ण है। उन्होंने अच्छी तरह से शोध किए गए प्रशिक्षण मॉड्यूल और पाठ्यक्रम बनाये जाने की जरुरत बताई। चौहान ने डिजिटल रूप से हैदराबाद में राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान के कार्यकारी छात्रावास ब्लॉक और प्रशिक्षण ब्लॉक की आधारशिला रखने के बाद कहा कि कृषि स्टार्टअप का प्रशिक्षण आज बहुत महत्वपूर्ण है। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि उन्होंने संस्थान को विस्तार कार्य के हर पहलू पर ध्यान देने का सुझाव दिया। इसके लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल और पाठ्यक्रम न केवल पारंपरिक होने चाहिए, बल्कि आज की आवश्यकताओं को पूरा करने में भी सक्षम होने चाहिए।उन्होंने फसल विविधीकरण, मूल्य संवर्धन और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का भी आह्वान किया। चौहान ने झारखंड के डाल्टनगंज में प्रदेश में अरहर खेती में गिरावट आने को लेकर चिंता व्यक्त की और घोषणा की कि केंद्र दालों की खरीद करेगा। एक टीम राज्य का दौरा करेगी और इस क्षेत्र में अरहर और अन्य दालों की खेती को प्रोत्साहित करेगी।

## सैमसंग के फेस्टिव सेल फैब ग्रैब फेस्ट की घोषणा

**रांची।** सैमसंग ने अपनी सबसे बड़ी फेस्टिव सेल फैब ग्रैब फेस्ट की घोषणा की है। इस सेल की शुरूआत 26 सितंबर से हो रही है। इसमें गैलेक्सी स्मार्टफोन्स, टैबलेट्स, लैपटॉप्स, एसेसरीज, वियरेबल्स, स्मार्ट टेलीविजन, डिजिटल उपकरणों और स्मार्ट मॉनिटर्स पर आकर्षक डील्स एवं कैशबैक की पेशकश की जा रही है। ये अनूठे ऑफर्स सैमसंग.कॉम, सैमसंग शॉपऐप और सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर उपलब्ध होंगे। बाय मोर सेव मोर इस फेस्टिव सेल का मुख्य आकर्षण होगा बाय मोर सेव मोर, जिसमें ग्राहक दो या ज्यादा उत्पाद खरीदने पर 5% तक का अतिरिक्त डिस्काउंट प्राप्त कर सकते हैं। यह ऑफर चुनिंदा स्मार्टफोन्स, वियरेबल्स, स्मार्ट टेलीविजन और डिजिटल उपकरणों की ही सैमसंग.कॉम या सैमसंग शॉप ऐप से खरीदी पर लागू है। बाय मोर सेव मोर के तहत, गैलेक्सी जेड फोल्ड6 खरीदने वाले उपभोक्ता सिर्फ 1249 रुपए में गैलेक्सी बड्स एफई प्राप्त कर सकते हैं और दूसरे ऑफर्स का भी लाभ उठा सकते हैं। इसी तरह, गैलेक्सी बुक4 खरीदने वाले ग्राहक महज 1920 रुपए में एफएचडी फ्लैट मॉनिटर ले सकेंगे। बिना अतित वाले कई अन्य उत्पाद हैं, जैसे कि कनवेक्शन माइक्रोवेव, जो बीस्पोक फैमिली हब फ्रिज खरीदने पर मिलता है।

## 2 से 3 रुपए सस्ता हो सकता है पेट्रोल-डीजल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पेट्रोल-डीजल की कीमतों में राहत मिलने के संकेत नजर आ रहे हैं। दरअसल कच्चे तेल की कीमतों में हाल के सप्ताहों में आई कमी से पेट्रोलियम कंपनियों के वाहन ईंधन पर मुनाफे में सुधार हुआ है। इससे सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को पेट्रोल तथा डीजल की कीमतों में 2 से 3 रुपये प्रति लीटर की कटौती करने की गुंजाइश मिली है। एक रेटिंग एजेंसी ने ये जानकारी दी है। भारत द्वारा आयातित कच्चे तेल की कीमत सितंबर में औसतन 74 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल थी, जो मार्च में 83-84 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल थी। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आखिरी बार दो रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई थी। इक्रा ने एक नोट में कहा गया है कि




कच्चे तेल की कीमतों में कमी के साथ हाल के सप्ताहों में भारतीय पेट्रोलियम विपणन कंपनियों (ओएमसी) के लिए मोटर वाहन ईंधन की खुदरा बिक्री पर विपणन मुनाफे में सुधार हुआ है। रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि यदि कच्चे तेल की कीमतें वर्तमान स्तर पर स्थिर रहीं तो खुदरा ईंधन कीमतों में कमी की गुंजाइश है। एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अनुमान लगाया जा रहा है कि 17 सितंबर तक अंतरराष्ट्रीय उत्पाद कीमतों की तुलना में ओएमसी की शुद्ध प्राप्ति पेट्रोल के लिए 15 रुपये प्रति लीटर और डीजल के लिए 12 रुपये प्रति लीटर अधिक रही। इन ईंधन के खुदरा बिक्री मूल्य (आरएसपी) मार्च, 2024 से यथावत हैं और ऐसा प्रतीत होता है कि अगर कच्चे तेल की कीमतें स्थिर रहती हैं तो उनके दो से तीन रुपये प्रति लीटर की कमी करने की गुंजाइश है। कच्चे तेल की कीमतों में पिछले कुछ महीनों में भारी गिरावट देखी गई है, जिसका मुख्य कारण कमजोर वैश्विक आर्थिक वृद्धि और उच्च अमेरिकी उत्पादन है। वहीं ओपेक एवं सहयोगी देशों ने गिरती कीमतों से निपटने के लिए अपने उत्पादन कटौती को वापस लेने के अपने फैसले को दो महीने के लिए आगे बढ़ा दिया।

## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में स्वच्छता अभियान की शुरुआत

एजेंसी

**कटिहार।** नेहरू युवा केंद्र, कटिहार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा गगन तारा फाउंडेशन व लोक स्वराज डंडखोरा के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत डंडखोरा थाना चौक, जनप्रतिनिधि भवन, आंगनबाड़ी केंद्र और पशु चिकित्सालय परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. चंद्रभूषण ठाकुर ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी है। अगर हम अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखें, तो हम कई बीमारियों से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को अपनाने से हमारा जीवन स्वस्थ




और सुखी होता है। स्थानीय मुखिया पार्वती हेम्ब्रम ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने स्वच्छता के लिए कई अभियान चलाए हैं और हमें भी इसमें सहयोग करना चाहिए ताकि हम अपने गांव, समाज और देश को स्वच्छ बना सकें। उन्होंने कहा कि यह अभियान 02 अक्टूबर तक चलाया जाएगा और इसका समापन महात्मा गांधी जयंती के दिन होगा। गगन तारा फाउंडेशन के गणेश कुमार मंडल ने कहा कि इस अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए नियमित रूप से सफाई अभियान चलाना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूरा होने पर संगठन की ओर से लिये गये निर्णय के आलोक में डंडखोरा प्रखंड में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सह कदवा कदवा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रहे डॉ चंद्रभूषण ठाकुर, स्थानीय मुखिया पार्वती हेम्ब्रम, पैक्स अध्यक्ष हीरा लाल साह, प्रभारी सरपंच कमल कुमार विश्वास, पूर्व उप सरपंच बृजेश कुमार सुमन, भाजपा उपाध्यक्ष हरिमोहन सिंह, वार्ड सदस्य भीम बास्की सहित कई लोग मौजूद थे।

## बाढ़ से हाहाकार, एयरपोर्ट व हलीपैड पर घुसा पानी, 13 लाख आबादी प्रभावित

एजेंसी

**पटना।** बिहार में वाल्मीकिनगर बराज, पश्चिम चंपारण और कोसी बराज, वीरपुर सुपौल जिले से लगातार पानी आने के कारण 12 जिलों की करीब 13 लाख अबादी बाढ़ से प्रभावित हो गई है। नेपाल की सीमा से सटे पश्चिम चंपारण जिले में स्थित एक मात्र टाइगर रिजर्व वाल्मिकीनगर के हवाईअड्डा के रनवे और हेलीपैड दोनों डूब गए हैं। यह सामरीक दृष्टिकोण से बहुत ही महत्वपूर्ण हवाईअड्डा है। क्योंकि, नेपाल सीमा पर यह स्थित है। इस एयरपोर्ट का इस्तेमाल एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के अलावा अतिविशिष्ट लोगों के



इस्तेमाल के लिए किया जाता है।

बिहार में भारी बारिश से सभी नदियां उफान पर हैं। नेपाल में भी भारी वर्षा के कारण रविवार सुबह पांच बजे कोसी बराज, वीरपुर से 6,61,295 क्यूसेक जल छोड़ा गया, जो 1968 के बाद सर्वाधिक है। तटबंधों की सुरक्षा के लिए जल संसाधन विभाग की टीमें दिन-रात तत्पर हैं। हालांकि, दोपहर में कोसी बराज में पानी का प्रवाह कम हो गया है। अररिया जिले के पलासी प्रखंड में बकरा नदी पर मनरेगा से बना बांध ककोड़वा और डेहटी मीरभाग के समीप कुछ हिस्से में देर रात टूट गया। डेहटी मीरभाग में लगभग 60 फीट तो ककोड़वा में 10-15 फीट बांध टूटा है। इसके कारण दक्षिण डेहटी और भिखा पंचायत में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। पानी आने से दक्षिण डेहटी पंचायत ज्यादा प्रभावित हुआ है। जिले में बकरा, नूना, परमान और कनकई नदी में पानी घटने की रफ्तार बहुत सुस्त है। बाढ़ प्रभावित सिकटी, पलासी, जोकीहाट, कुसाकांटा और फारबिसगंज प्रखंड क्षेत्रों में स्थिति अभी भी यथावत है। जिले में बाढ़ से दो दर्जन से अधिक पंचायत प्रभावित हैं। बाढ़ नियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता कमल कुमार ने बताया कि नदी का पानी घट-बढ़ रहा है। पलासी में बकरा नदी पर मनरेगा से बना बांध दो जगहों पर टूटा है। फिलहाल, वहां तक जाने का रास्ता नहीं होने के कारण मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ है। मधुबनी के जिलाधिकारी अरविंद वर्मा ने बताया कि नेपाल जल अधिग्रहण क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से मधुबनी में कोसी के जलस्तर में वृद्धि हुई है। मधेपुर प्रखण्ड के कोसी दियारा इलाके के बसीपट्टी, गढ़गांव पंचायत के दर्जन भर गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। लोग घर खाली कर ऊंचे स्थानों पर नाव से जा रहे हैं। प्रशासन द्वारा ऊंचे स्थानों पर स्कूलों में आश्रय स्थल बनाया गया है, वहां लोग अपने परिवार के साथ पहुंच रहे हैं। लोगों का सारा सामान बर्बाद हो गया है। खाने-पीने का भी समान नहीं बचा है और पानी लगातार बढ़ रहा है। प्रशासन ने आश्रय स्थल पर सामुदायिक किचेन की व्ययवस्था की है। डीएम ने बताया कि कोसी बैराज से पानी छोड़ा गया है, जिससे मधेपुर प्रखण्ड के निचले इलाकों में पानी प्रवेश कर गया है। लोगों को घर खाली कर आश्रय स्थलों पर जाने के लिए अपील किया गया है।

## सामूहिक स्मृति दिवस का आयोजन

एजेंसी

**भागलपुर।** गणपत राय सलारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर सैनिक स्कूल भागलपुर में रविवार को स्मृति मंच भागलपुर के द्वारा सामूहिक स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। पूर्व कुलपति नंदकुमार इंदु, पूर्व कुलपति प्रोफेसर क्षमेंद्र कुमार, पूर्व प्राध्यापक डॉ मधुसूदन झा, सामाजिक कार्यकर्ता संजय कुमार झा, प्रधानाचार्य अमरेश कुमार, सुबोध विश्वकर्मा, अश्वनी खटोर एवं अजीत घोष के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नंदकुमार इंदु ने कहा कि भारत की अपनी विशिष्ट संस्कृति है जो अपने पूर्वजों को भी याद करते हैं श।



मुख्य रूप से पितृ पक्ष के अवसर पर अपने पूर्वजों को याद करना उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करना यह हमारा दायित्व है। विशिष्ट अतिथि संजय कुमार झा ने कहा कि हमारा अपने पूर्वजों के प्रति तथा अपने समाज के प्रति भी कुछ दायित्व होता है। जिन्होंने समाज को कुछ दिया है, जो देश और समाज के लिए बलिदान हो गए जिनके त्याग और समर्पण से हम अपने आप को बनाए हुए हैं। उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि इस पक्ष में आवश्यक होता है।

# सूक्ष्म जीवों से फैलता है लाइम डिजीज

**लाइम डिजीज रोग बोरेलिया बर्गडोरफेरी नामक जीवाणु के काटने के कारण होता है। जिसे हिरण किलनियां नाम से जानते हैं। हर किसी को किलनियों द्वारा काटा जाना याद नहीं रहता, क्योंकि हिरण किलनी बहुत छोटी होती है और उसके काटने का किसी को ध्यान नहीं रहता। अगर आप इसके शिकार हैं तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श ले सकते हैं।**



लाइम रोग पूर्वोत्तर और मध्योत्तर संयुक्त राज्य अमेरिका में बहुत आम है। लाइम रोग संक्रमण हाल ही में सार्वजनिक चिंता और भ्रम का एक बड़ा कारण बना है। लाइम रोग आमतौर पर थकावट के पुराने लक्षण या अन्य खराब परिभाषित समस्याओं के कारण के लिए जिम्मेदार नहीं होता है। लाइम रोग एक अलग बीमारी है, जो उसके अपने बहुत विशिष्ट संकेत और लक्षण उत्पन्न करती है जिसका तत्काल निदान किया जा सकता है। अस्पष्टीकृत चिकित्सा की स्थितियों को लाइम रोग की विशेषता सिर्फ इसलिए नहीं ठहरा देना चाहिए कि किसी अन्य निदान की संभावना नहीं लगती।

## गठिया पीड़ित में बीमारी अधिक

लगभग 10 फीसदी लाइम गठिया पीड़ित लोगों को एंटीबायोटिक दवाएं लेने के बावजूद स्थाई जोड़ों की सूजन होने लगती है। हाल ही के प्रमाण सुझाते हैं कि यह स्वप्रतिरक्षित प्रभाव के कारण होता है, जिसमें लाइम संक्रमण प्रतिरक्षा प्रणाली शरीर के अपने कोशिकाओं पर हमला करने के लिए सक्रिय करते हैं। ये समस्या कुछ आनुवांशिक प्रकार के लोगों में पाई जाती है। ऐसे लोग जारी रखी गई एंटीबायोटिक दवाओं की बजाय ऐसी दवाओं को प्रतिक्रिया दे सकते हैं, जो प्रतिरक्षा प्रणाली को दबा देती हैं।

## लाइम डिजीज का निदान

आपका चिकित्सक आपके लक्षणों के बारे में पूछेगा और एक संपूर्ण शारीरिक और तंत्रिका का परीक्षण करेगा। यदि आपको हाल ही में एक किलनी ने काटा है और आपने किलनी को संभाल कर रखा है तो आपका चिकित्सक कीट का निरीक्षण कर सकता है और उसे प्रयोगशाला में प्रजातियों की पहचान करने के लिए भेज सकता है। कुछ प्रयोगशालाएं ये देखने के लिए कि इसमें लाइम बैक्टीरिया है या नहीं किलनी का विश्लेषण कर सकती हैं। आपके लक्षणों और परीक्षण के आधार पर आपका चिकित्सक लाइम रोग का निदान करेगा। लाइम रोग के पहले चार से छह हफ्तों में रक्त परीक्षण अक्सर नकारात्मक होते हैं। लाइम परीक्षण के मूल परीक्षण को ईएलआईएसए (एंजाइम-लिंक्ड इम्यूनोसोर्बेंट ऐस्से) कहते हैं। लाइम डिजीज में ईएलआईएसए परिणाम की वेस्टर्न ब्लॉट नामक परीक्षण से पुष्टि करना पड़ती है। लाइम रोग के निदान में मदद और लक्षणों के अन्य कारणों की जांच के लिए प्रभावित जोड़ से तरल पदार्थ का एक नमूना लिया जा सकता है। लाइम रोग प्रतिरक्षी और सूजन के परीक्षण और अन्य रोगों की जांच के लिए, मस्तिष्कमेरु द्रव भी स्पाइनल टैप के माध्यम से रीढ़ की हड्डी के चारों ओर से लिया जाता है।

## लाइम डिजीज से बचाव

यदि आप ऐसे क्षेत्र में है, जहां लाइम रोग अधिक आम है, तो आप निम्न सावधानी बरत सकते हैं :-

- जंगल, बड़े झाड़ीदार मैदान और घास से बचें, जहां किलनियां छुपती हैं।
- लंबी पतलून और लंबी आस्तीन पहनें ; सफेद कपड़े किलनियों को ढूंढ़ना आसान बनाते हैं। सफेद कपड़ों को कम यूज करें।

## टीका उपलब्ध नहीं

लाइम रोग का टीका अब उपलब्ध नहीं है, क्योंकि 2002 में कम बिक्री के कारण इसे बाजार से वापस ले लिया गया था और दवा पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

- जंगली क्षेत्रों या लंबी घास के क्षेत्रों या झाड़ीदार मैदानों से लौटने के शीघ्र बाद अपनी त्वचा को किलनियों के लिए जांचें।
- किलनी निरोधक त्वचा और कपड़ों पर लगाएं। एंटीबायोटिक दवाएं हर किलनी के काटने पर निर्धारित नहीं की जाती, क्योंकि लाइम रोग होने का खतरा काफी कम होता है, अधिकांश क्षेत्रों में 0.1 प्रतिशत से कम से लेकर पूर्वोत्तर और मिडवेस्ट के कुछ क्षेत्रों में 5 फीसदी तक होता है। न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चला कि जिन क्षेत्रों में लाइम रोग की दर अधिक है, उन लोगों के लिए डॉक्सीसायक्लिन (डॉक्सी कैप्स और अन्य ब्रांड के नाम) की एक खुराक रोग से बचाव कर सकती है। लाइम डिजीज की बीमारी होने पर शीघ्र परमार्श लें।



## लाइम डिजीज की चिकित्सा

आरंभिक लाइम ईएम ददोरे के लिए चिकित्सक आमतौर पर तीन हफ्तों की एंटीबायोटिक दवाएं निर्धारित करते हैं। इसमें टेट्रासायक्लिन पेनीसिलिन एमोक्सिसिलिन, सेफूरोक्सिन (सेफ्टिन) शामिल है। हृदय या तंत्रिका संबंधी समस्याओं से पीड़ित कुछ लोगों का एंटीबायोटिक दवाओं के साथ इलाज किया जाता है। जैसे सेफट्रियाक्सोन (रोसेफिन) दो से चार सप्ताह के लिए नसों में दिया जाएगा। अंत : शिरा उपचार की भी सलाह दी जा सकती है। डॉक्सीसायक्लीन को 8 साल से कम उम्र के बच्चों और जो महिलाएं गर्भवती हैं या परिचर्या कर रही हैं, को देने से बचना चाहिए। एरिथ्रोमायसिन, एजिथ्रोमायसिन या क्लैरिथ्रोमायसिन कम प्रभावी हो सकती हैं, लेकिन अक्सर उन लाइम रोग से पीड़ित लोगों के लिए निर्धारित की जाती हैं, जो ऊपर दिए अन्य विकल्प बर्दाश्त नहीं कर सकते।



# व्यायाम से दूर करें मस्तिष्क कैंसर

**मस्तिष्क कैंसर से ग्रसित रोगियों के लिए व्यायाम अति लाभदायक बताया गया है।**

एक नए अध्ययन के मुताबिक मस्तिष्क कैंसर से पीड़ित लोगों की उम्र बढ़ाने में व्यायाम काफी मददगार साबित होता है। इस बीमारी से पीड़ित ऐसे व्यक्ति जो नियमित व्यायाम करते हैं, वह व्यायाम न करने वाले मरीजों से ज्यादा समय तक जीवित रह सकते हैं।

## शोध में निकला निष्कर्ष

इस शोध के लिए 243 ऐसे मरीजों का चुनाव किया गया, जो गंभीर रूप ले चुके कैंसर से पीड़ित थे। आमतौर पर इस स्थिति में मरीज के छह माह से अधिक दिनों तक जीवित रहने की संभावना न के बराबर होती है। ऐसे मरीज जो सप्ताह में पांच दिन नियमित व्यायाम करते थे, उनका जीवनकाल महत्वपूर्ण रूप से बढ़ गया। वे औसत 21.84 माह तक जीवित रहे, जबकि व्यायाम नहीं करने वाले मरीज केवल 13.03 माह ही जीवित रह सके।

## परखने की जरूरत

शोध से जो शुरुआती तथ्य सामने आए हैं, उसे और गहनता से परखने की जरूरत है। व्यायाम का लक्षणों पर असर जानने के अलावा बीमारी के विकास और अस्तित्व पर भी इसके प्रभाव को समझना होगा। यह शोध जर्नल ऑफ क्लीनिकल ऑंकोलॉजी के ऑनलाइन संस्करण में प्रकाशित हुआ है।

## बढ़ जाती है जिंदगी

नार्थ कैरोलिना के ड्यूक कैंसर इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए इस अध्ययन में कहा गया है कि व्यायाम कैंसर से पीड़ित मरीज पर इलाज और इलाज के बाद की स्थिति में सकारात्मक असर डालता है और इससे उनकी जिंदगी बढ़ सकती है।

# शरमाना कहीं रोग न बन जाए

**हर कोई शरमाता है। यहां तक कि बेशर्म कहे जाने वाले लोग भी शरमाते हैं। रोचक बात है कि शरमाना मानव का एक महत्वपूर्ण लक्षण है। शर्म या लज्जा को स्त्री का जेवर कहा गया है। शरमाते पुरुष भी हैं। निश्चित ही यह मानव भावनाओं में एक है, जो चेहरे पर प्रकट होती है सो हर कोई शरमाता है, मगर जरूरत से ज्यादा शरमाना भाव की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि एक गंभीर रोग है।**



एक लम्बे समय तक इसे सहज शारीरिक क्रिया माना गया तो कई महत्वपूर्ण और रोचक गुत्थियां खुलीं। शरम से जुड़े तथ्यों ने ही इसे रोग की श्रेणी में ला खड़ा किया और नाम दिया गया एरोथ्रोफोबिया। स्नायुतंत्र से संबंधित शरम मस्तिष्क के निचले भाग हाइपोथैलमस द्वारा प्रभावित होती है।

जब कोई शरमाता है तो हाइपोथैलमस हरकत में आ जाता है। यही निर्देश रक्त वाहिकाओं तक जा पहुंचता है, परिणामस्वरूप रक्त वाहिकाएं फैलने या सिकुड़ने लगती हैं। यह स्थिति चेहरे पर भाव परिवर्तन लाती है। इससे आंखों की पलकें विशेष अंदाज में उठने-गिरने लगती हैं। इसके अलावा गालों के उभार पर एक थिरकन पैदा हो जाती है। इसी कारण चेहरे पर लालिमा आ जाती है।

अंग्रेजी में इसे ब्लश करना कहा जाता है। सामान्य तौर पर यह सब क्षणिक होता है, मगर रोग की स्थिति में यह देर तक हर कोई शरमाता है। यहां तक कि बेशर्म कहे जाने वाले लोग भी शरमाते हैं। रोचक बात है कि शरमाना मानव जाति का एक महत्वपूर्ण लक्षण है। शर्म या लज्जा को स्त्री का जेवर कहा गया है। शरमाते पुरुष भी हैं। निश्चित ही यह मानव भावनाओं में एक है, जो चेहरे पर प्रकट होती है सो हर कोई शरमाता है, मगर जरूरत से ज्यादा शरमाना भाव की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि एक गंभीर रोग है।

## एरोथ्रोफोबिया कैसे होता है

एक लम्बे समय तक इसे सहज शारीरिक क्रिया माना गया तो कई महत्वपूर्ण और रोचक गुत्थियां खुलीं। शर्म से जुड़े तथ्यों ने ही इसे रोग की श्रेणी में ला खड़ा किया और नाम दिया गया एरोथ्रोफोबिया। स्नायुतंत्र से संबंधित शरम मस्तिष्क के निचले भाग हाइपोथैलमस द्वारा प्रभावित होती है।

जब कोई शरमाता है तो हाइपोथैलमस हरकत में आ जाता है। यही निर्देश रक्त वाहिकाओं तक जा पहुंचता है, परिणामस्वरूप रक्त वाहिकाएं फैलने या सिकुड़ने लगती हैं। यह स्थिति चेहरे पर भाव परिवर्तन लाती है। इससे आंखों की पलकें विशेष अंदाज में उठने-गिरने लगती हैं। इसके अलावा गालों के उभार पर एक थिरकन पैदा हो जाती है। इसी कारण चेहरे पर लालिमा आ जाती है। अंग्रेजी में इसे ब्लश करना कहा जाता है। सामान्य तौर पर यह सब क्षणिक होता है, मगर रोग की स्थिति में यह देर तक रहता है और बार-बार होता है। रोगी इसमें आंतरिक आनंद की अनुभूति करता है सो बार-बार शरमाना चाहता है और रोग बढ़ता जाता है। शरम के लक्षण शरीर में चेहरे पर ही नहीं, कई अन्य रूपों में भी देखे जा सकते हैं।

## बीमारी के लक्षण

मसलन, शरम की स्थिति में लड़कियां आंखें झुकाए पैर के अंगूठे से धरती या फिर फर्श को कुरेदने लगती हैं, बेवजह आंचल संवारने लगती हैं, उंगली पर दुपट्टा लपेटने लगती हैं। होठों पर अंगुली रखना या फिर मुंह से अंगुली दबा लेना भी शरम के लक्षण हैं। यही नहीं, शर्मसार होती लड़कियां अपना चेहरा भी छिपा लेती हैं। इस कृत्य से वह अपनी शरम छुपाती नजर आती हैं, मगर हकीकत में यह शरम को और उभारना है। चेहरे पर आई शरम छिपाने से नहीं छिपती है, बल्कि इस बात का स्पष्ट करती है कि शरम का अतिरेक है, लाख छिपाने पर भी नहीं छिपेगा।



# एनीमिया के लिए रामबाण चुकंदर

**खून की कमी यानी एनीमिया की शिकार महिलाओं के लिए चुकंदर रामबाण के समान है। चुकंदर के कन्द के अलावा चुकंदर की हरी पत्तियों का सेवन भी बेहद लाभदायी है। इन पत्तियों में कन्द की तुलना में तीन गुना लौह तत्व अधिक होता है।**

चुकंदर की पत्तियों में विटामिन ए भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। कन्द व इसकी पत्तियां रक्त निर्माण के अलावा हानिकारक तत्वों को शरीर से बाहर निकालने का काम करती हैं। चुकंदर में पोटेशियम, सोडियम, कैल्शियम, मैग्नीज व रेशे की पर्याप्त मात्रा होती है। पाचन योग्य शर्करा की उपस्थिति के कारण चुकंदर का सेवन ऊर्जा भी प्रदान करता है।

## निरोग रखता है

ऐसा समझा जाता है कि चुकंदर का गहरा लाल रंग इसमें लौह तत्व की प्रचुरता के कारण है, लेकिन सच यह है कि चुकंदर का गहरा लाल रंग इसमें पाए जाने वाले एक रंगकण (बीटा सायनिन) के कारण होता है। एण्टी ऑक्सीडेण्ट गुणों के कारण ये रंगकण स्वास्थ्य के लिए अच्छे माने जाते हैं। चुकंदर में पाए जाने वाले फोलिक एसिड, पोटेशियम व मुलायम रेशा भी इसके पोषणिक गुणों को बढ़ाते हैं। चुकंदर का नियमित सेवन सम्पूर्ण शरीर को निरोग रखने में सहायक है। नियमित खाने से अन्य रोगों में लाभ होता है।

## एसीडोसिस

चुकंदर की क्षारीयता शरीर में एसीडोसिस को रोकने में सहायक है।

## रक्त-अल्पता

चुकंदर से प्राप्त उच्च गुणवत्ता का लोह तत्व रक्त में हीमोग्लोबीन का निर्माण व लाल रक्तकणों की सक्रियता के लिए बेहद प्रभावशाली है।

## रक्तचाप

विशेषज्ञों का मानना है कि चुकंदर के रस का नियमित सेवन रक्तचाप को नियंत्रित रखता है। उच्च रक्तचाप में कमी लाने में भी चुकंदर गुणकारी है।

## कब्ज

चुकंदर का मुलायम रेशा आंतों की गति बनाए रखता है। इसको नियमित रूप से खाने से लम्बे समय से चली आ रही कब्ज से भी मुक्ति मिल जाती है।



## रक्त संचार ठीक

चुकंदर के रस का नियमित सेवन रक्त नलिकाओं में कैल्शियम के जमाव को हटाकर उनका लचीलापन बनाए रखता है, जिससे रक्त संचरण सुगमता से होता है।

## कैंसर से बचाव

चुकंदर में पाए जाने वाले अमीनो एसिड में कैंसररोधी तत्व पाए जाते हैं। शोध अध्ययनों से पता चला है कि चुकंदर के रस के नियमित सेवन से कैंसरकारक तत्वों का निर्माण बाधित होकर पाचन तंत्र की कार्यक्षमता को बढ़ावा मिलता है।

## विषैले तत्व नष्ट

चुकंदर के रस का नियमित सेवन न केवल यकृत, बल्कि सम्पूर्ण पाचन तंत्र के हानिकारक तत्वों को शरीर से बाहर निकालकर आरोग्य प्रदान करता है। चुकंदर के साथ यदि गाजर मिलाकर इसके रस का सेवन किया जाए तो यह पित्ताशय व वृक्क से हानिकारक तत्वों को हटाकर इन अंगों की कार्यक्षमता बढ़ाता है।

## चुकंदर की पहचान

खाने के लिए पत्तीदार चुकंदर का चयन करें। पत्ती सहित चुकंदर को 3-4 दिन रेफ्रीजरेटर में संग्रह करने पर इनकी पत्तियों की नमी बनी रहती है, जबकि पत्तियों के बिना चुकंदर को लगभग दो सप्ताह तक संग्रह किया जा सकता है। जिन चुकंदर का तल गोलाई लिए होता है, वे अपेक्षाकृत अधिक स्वादिष्ट होता है। ताजे व कच्चे चुकंदर में एक विशेष खुशबू होती है, जो इसके स्वाद को बढ़ाती है।

## सलाद के साथ चुकंदर

भारतीय भोजन थाली में सलाद के रूप में चुकंदर का उपयोग काफी प्रचलित है। गहरे लाल बैंगनी रंग का यह कन्द प्राय : शरीर में खून बढ़ाने के गुण के कारण खाया जाता है। लौह तत्व के अलावा चुकंदर में विटामिंस भी भरपूर पाए जाते हैं। इसके नियमित सेवन से विटामिन ए, बी, बी 1, बी 2, बी 6 व विटामिन सी की पूर्ति सहज ही हो जाती है। शायद कम लोग ही जानते हैं कि चुकंदर में लौह तत्व की मात्रा अधिक नहीं होती है, किन्तु इससे प्राप्त होने वाला लौह तत्व उच्च गुणवत्ता का होता है, जो रक्त निर्माण के लिए विशेष महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि चुकंदर का सेवन शरीर से अनेक हानिकारक पदार्थों को बाहर निकालने में बेहद लाभदायी है।



## सावधानियां

चुकंदर का सेवन उन व्यक्तियों को न्यूनतम ही करना चाहिए, जिन्हें गुर्दे में पथरी की समस्या है। चुकंदर का सेवन शक्तिवर्धक होने के साथ-साथ शरीर से दूषित पदार्थों को बाहर निकालता है, अत : इसके सेवन की शुरुआत थोड़ी मात्रा से करें। पौष्टिक एवं स्वास्थ्यवर्धक इस प्राकृतिक क्लिंजर को अपने आहार में रस, सलाद व अन्य व्यंजनों के रूप में शामिल कर स्वस्थ व निरोग रहें।




# विक्की विद्या का वो वाला वीडियो पर लगा स्क्रिप्ट चुराने का आरोप, राज शांडिल्य को मिला कानूनी नोटिस!



राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी जल्द ही कॉमेडी-ड्रामा फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में नजर आने वाले हैं। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया था, जो पारिवारिक ड्रामा, 90 के दशक की यादों, हास्य और रहस्य से भरा हुआ था। हालांकि, अब फिल्म पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इस पर निर्माता संजय तिवारी द्वारा साहित्यिक चोरी का आरोप लगाया गया है। फिल्म के लेखक और निर्देशक राज शांडिल्य पर स्क्रिप्ट चुराने का आरोप लगाया गया है और पहले ही कानूनी नोटिस भेजा जा चुका है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्माता संजय तिवारी ने राज शांडिल्य पर साहित्यिक चोरी का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि विक्की विद्या का वो वाला वीडियो की कथानक मूल रूप से गुलबानु खान नामक एक पटकथा लेखक द्वारा लिखी गई स्क्रिप्ट से चुराई गई थी, जिसे 2015 में स्क्रीन राइटर्स एसोसिएशन के साथ पंजीकृत किया गया था। संजय तिवारी ने कहा है कि उन्होंने फिल्म निर्माता को एक कानूनी नोटिस भेजा है और जवाब का इंतजार कर रहे हैं। यदि कोई जवाब नहीं मिलता है तो वे आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का इरादा रखते हैं। संजय तिवारी ने राज शांडिल्य पर गुलबानू खान द्वारा लिखी गई स्क्रिप्ट से उनकी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के लिए केंद्रीय विचार लेने का आरोप लगाया, जिसका शीर्षक सेक्स है तो लाइफ है? है। उन्होंने कहा, केंद्रीय विचार यह है कि एक पति और पत्नी एक स्वस्थ रिश्ते के लिए अपने लिए अपना निजी वीडियो शूट करते हैं और सीडी-डीवीडी गायब हो जाती है। प्रोमो देखने के बाद हमें एहसास हुआ कि विक्की विद्या का वो वाला वीडियो उसी विचार के इर्द-गिर्द घूमता है, इसलिए हमने सभी निर्माताओं को एक कानूनी नोटिस भेजा है और उनके उचित जवाब की प्रतीक्षा कर रहे हैं। अगर हमें अगले दो-तीन दिनों में जवाब नहीं मिलता है तो हम उचित कार्रवाई करेंगे। स्क्रिप्ट 2015 में गुलबानु खान के नाम पर पहले से ही पंजीकृत थी, जो उनके पक्ष में सबूत पेश करती है। रिपोर्ट्स के अनुसार, गुलबानु खान ने इस बात पर अविश्वास व्यक्त किया कि राज शांडिल्य ऐसा करेंगे। गुलबानु खान ने कहा, यह चौंकाने वाला है कि कोई हमारे विचारों का दुरुपयोग कर सकता है। किसी भी फिल्म का केंद्रीय विचार बहुत महत्वपूर्ण होता है। यह एक नींव के पत्थर की तरह है, जिसके बिना कहानी और फिर फिल्म के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता। बाला और उजड़ा चमन एक और उदाहरण है, जहां फिल्म का विचार समान है। निर्माता संजय तिवारी ने बताया कि उनकी 2017-2018 में सेक्स है तो लाइफ है का निर्माण शुरू करने की योजना थी और वे स्क्रिप्ट पर सक्रिय रूप से काम कर रहे थे। हालांकि, देरी और महामारी के कारण परियोजना को रोक दिया गया था। इस बीच राज शांडिल्य ने अभी तक विवाद पर कोई टिप्पणी नहीं की है।



# सोमी अली ने लगाया गायक सोनू निगम पर धोखा देने का आरोप

अभिनेत्री सोमी अली को अपनी रेट्रो स्टाइल फिल्मों के लिए जाना जाता है। सोमी ने अब सोनू निगम पर धोखा देने का आरोप लगाया है। सोमी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक बड़ा सा वीडियो शेयर किया है। इसमें सोनू निगम को लेकर कई सारी बातें बताई हैं। वो खुद भी गलत व्यवहार करते हैं सोमी ने वीडियो पोस्ट के कैप्शन में लिखा कि लोग ऐसे होते हैं और ऐसे ही आपका फायदा भी उठाते हैं। उन्होंने सोनू निगम को टैग करते हुए कहा कि ऐसे ही लोग गलत व्यवहार होने का वीडियो शेयर भी करते हैं। मैं अभी भी विश्वास नहीं कर पा रही हूं कि सोनू निगम जैसे लोग ही आपके साथ गलत तरीके से व्यवहार करते हैं। वो हमेशा वीडियो बनाते हैं कि उनके साथ किस तरीके से बात की गई। किस तरह से लोगों ने उन्हें बुरा कहा। मुझे उम्मीद नहीं थी कि वह इस स्तर तक गिर सकते हैं।

## मुझे लगा वो सम्मान देने योग्य व्यक्ति हैं

सोमी ने वीडियो पोस्ट में कहा कि उन्होने कुछ साल पहले एक टॉक शो शुरू किया था, जिसमें उन्होंने कई लोगों से बात की थी। इस शो में मैंने एक व्यक्ति से बात की थी, जो बहुत ही ज्ञान भरी और बुद्धि वाली बात कर रहे थे। मुझे लगा था कि वह बहुत अच्छे हैं। मुझे लगा था कि वह बहुत ही सम्मानित व्यक्ति हैं, क्योंकि वो हमारे शो में तब आए थे जब हमारे पास कोई बजट नहीं था। हमने उनको कुछ भी रुपये नहीं दिए थे। उनके प्रति मैं बहुत सम्मान की भावना से देखती थी।

## अपने मकसद से शो पर आए थे सोनू

सोमी अली ने सोनू निगम पर आरोप लगाया कि वह अपने किसी मतलब के लिए शो पर आए थे। वो किसी अन्य व्यक्ति से मिलना चाहते थे, जिनके साथ मैं बात करती थी। 25 साल की उम्र में मैं यूएस आ गई थी। जब मैंने उनसे एक प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए बात करने की कोशिश की तो उन्होंने किसी भी तरह से बात करने से मना कर दिया। मुझे उन पर भरोसा था, जिसे उन्होंने तोड़ दिया।



# विक्की कौशल को अपना सबसे अच्छा दोस्त मानती हैं तृप्ति डिमरी

बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने हाल ही फिल्म एनिमल में रणबीर कपूर के साथ और बैड न्यूज में विक्की कौशल के साथ काम किया है। इन्ही फिल्मों और सह कलाकारों को लेकर की गई बातचीत में तृप्ति ने अब अपने सबसे अच्छे दोस्त का नाम बताया है, जिनसे वे कभी भी कहीं भी बात कर सकती हैं। आइए आपको बताते हैं कि किसी सह कलाकार को तृप्ति अपना अच्छा दोस्त मानती हैं। अभिनेत्री तृप्ति डिमरी से जब पूछा गया कि आप किसे अपना सबसे अच्छा दोस्त मानती हैं तो उन्होंने विक्की कौशल का नाम लिया। तृप्ति ने कहा कि अपने सह-कलाकार विक्की कौशल को अपना सबसे अच्छा दोस्त मानती हैं। एक इंटरव्यू के दौरान तृप्ति ने कहा, मैं उनके बहुत करीब हूं, क्योंकि हम अच्छा समय बिता चुके हैं। हम मसूरी में शूटिंग कर रहे थे और इस दौरान मुझे पता चला कि वह बहुत मस्त मिजाज के इंसान हैं।

## तृप्ति डिमरी को भाई कह के बुलाते हैं विक्की

तृप्ति डिमरी ने बातचीत में कहा कि विक्की कौशल अभिनेत्री को भाई कह कर संबोधित करते हैं। दोनों साथ में बहुत अच्छी दोस्ती और बॉन्ड शेयर करते हैं। बैड न्यूज निर्देशक आनंद तिवारी ने बातचीत के दौरान तृप्ति डिमरी को लेकर कहा कि तृप्ति जमीन से जुड़ी हैं। तृप्ति डिमरी ने वर्ष 2017 में पोस्टर ब्वॉयज फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। वर्ष 2018 में तृप्ति को साजिद अली की लैला मजनू में देखा गया था। वे बुलबुल, कला, एनिमल, बैड न्यूज में नजर आ चुकी हैं। अपकमिंग फिल्मों की बात करें तो विक्की विद्या का वो वाला वीडियो, भूल भुलैया 3, धर्मा प्रोडक्शन में धड़क 2 जैसी फिल्मों में नजर आने वाली हैं।

# मुझे एक साथ 10 किरदार निभाने का मौका मिला है

अभिनेत्री अदा शर्मा अपने नए सीरीज शो रीता सान्याल में नजर आने वाली हैं। इस शो में अदा को सान्याल के रूप में आप एक वकील और जासूस की भूमिका में देखा जाएगा। यह सीरीज कानून और न्याय पर आधारित है। सीरीज को डिजनी प्लस हॉटस्टार पर 14 अक्टूबर से देखा जा सकता है। सीरीज को दर्शक मोबाइल पर फ्री में स्ट्रीम कर सकते हैं।


सीरीज को लेकर बातचीत के दौरान अभिनेत्री अदा शर्मा ने कहा कि मैं हमेशा से ऐसा रोल निभाना चाहती थी। मैं जैसा किरदार चाहती थी, वैसा ही किरदार मुझे मिला है। इस किरदार में काफी कुछ मेरे जैसा है- कुछ सराहनीय, कुछ डरावना, कुछ प्यारा। जब मैंने इस सीरीज की स्क्रिप्ट को सुना तो मुझे पता था कि यह शो मेरे लिए ही है। एक अभिनेता के तौर पर हमें अलग-अलग किरदार निभाने होते हैं। एक साथ एक शो में मुझे 10 लोगों की भूमिका निभाने का मौका मिला है। यह एक ऐसी लड़की की कहानी है, जो एक वकील और जासूस के तौर पर अपना नाम बड़ा करने की कोशिश करती है। सान्याल एक ऐसी लड़की है जिसे कॉमिक बुक पढ़ना पसंद है। यह एक ऐसी कहानी है जो शायद ही आपने पहले देखी, सुनी या पढ़ी हो। राजेश्वरी नायर और कृष्णन अय्यर के प्रोडक्शन में बनी इस सीरीज को अभिरूप घोष ने निर्देशित किया है। सीरीज के लेखक अमित खान हैं। शो की प्रोड्यूसर राजेश्वरी नायर ने कहा, रीता सान्याल थ्रिलर, भावनात्मक और साजिशों पर आधारित सीरीज है। मुझे स्टोरी सुनना पसंद है, ये वाकई कुछ ऐसी ही है। अदा शर्मा ने इस सीरीज में शानदार किरदार निभाया है। वह एक बहुत अच्छी अभिनेत्री हैं। उन्होंने अपने किरदार को बखूबी निभाया है। मुझे आशा है कि लोग इस सीरीज को काफी पसंद करेंगे।




# फैशन और लाइफस्टाइल की दुनिया में रणबीर कपूर ने मारी एंट्री

बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर 42 साल के हो गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक्टिंग से इतर कुछ अलग करने का फैसला कर लिया है। वो अब बिजनेसमैन बन गए हैं। उन्होंने अपना लाइफस्टाइल ब्रांड एआरकेएस लॉन्च किया। रणबीर की मां नीतू कपूर ने अपने बेटे को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके लाइफस्टाइल ब्रांड के बारे में बताया। नीतू ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो साझा कर लिखा, बेटा, भाई, पति, पिता और अब एक संस्थापक। जन्मदिन मुबारक हो रणबीर। इसके साथ उन्होंने रणबीर के ब्रांड का नाम उजागर किया है और लिखा है, उम्मीद है कि इस ब्रांड का जन्म जन्मदिन के इस मौके को और भी खास बना देगा।

बॉलीवुड के मल्टी टैलेंटेड डायरेक्टर करण जौहर ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज में रणबीर की एक तस्वीर शेयर कर इसका ऐलान किया। उन्होंने एनिमल एक्टर की नई पारी की जानकारी फैंस को दी। करण का कपूर फैमिली से खास रिश्ता है वो आलिया भट्ट को अपनी बेटी मानते हैं। उन्होंने एक तस्वीर पर लिखा, आपने इस अदाकार को सिनेमा के पर्दे पर जादू बिखेरते देखा है इसकी शानदार एक्टिंग भी देखी है...अब आप तैयार हो जाएं रणबीर के जीवनशैली को दर्शाती खूबसूरत दुनिया में। देखते रहिए और इस जगह को और अधिक जानने के लिए एआरकेएस पर नज़र जमाए रखेंफ्र। द ग्रेट शो मैन राज कपूर के पोते रणबीर ने एनिमल की जबरदस्त सफलता के बाद बॉलीवुड में मजबूती से पैर जमा लिए हैं। इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिलक के अनुसार इस फिल्म ने दुनिया भर में 915 करोड़ रुपये कमाए। अभिनेता जल्द ही संजय लीला भंसाली निर्देशित फिल्म लव एंड वॉर में अपनी पत्नी आलिया भट्ट और संजू के सह-कलाकार विक्की कौशल के साथ नजर आएंगे।





# कौन हैं खतरों के खिलाड़ी के टॉप 5 में जगह बनाने वाले गश्मीर महाजनी, इन टीवी शो में आ चुके हैं नजर

**खतरों के खिलाड़ी सीजन 14 के प्रतिभागी और टॉप 5 फाइनलिस्ट में से एक हैं। गश्मीर महाजनी एक भारतीय अभिनेता भी हैं। वे हिंदी टीवी शो, फिल्म और ओटीटी के अलावा मराठी सिनेमा के लिए भी कर चुके हैं।**

## इन फिल्मों और शो में नजर आ चुके हैं गश्मीर

गश्मीर महाजनी को साल 2010 में मुस्कुरा के देख जरा में देखा जा चुका है। 2015 में उन्हें मराठी फिल्म कैरी ऑन मराठा में देखा गया था। इसके अलावा गश्मीर को मराठी फिल्म माला कहीच प्रॉब्लम नहीं में भी देखा जा चुका है।

इन हिंदी शोज में कर चुके हैं काम

हिंदी टीवी शो की बात करें तो गश्मीर को गुनाह, इमली, धर्मवीर, रियलिटी शो झलक दिखला जा, तेरे इश्क में घायल में देखा जा चुका है। वह 2019 में आई फिल्म पानीपत में भी नजर आ चुके हैं

## पुणे से ताल्लुक रखते हैं गश्मीर

गश्मीर महाजनी महाराष्ट्र राज्य के पुणे शहर से हैं। गश्मीर का जन्म 8 जून 1985 में हुआ था। उनकी मां मधु महाजनी और पिता रवींद्र महाजनी हैं। गश्मीर की 13 साल बड़ी एक बहन भी हैं। गश्मीर ने महाराष्ट्र से ही कॉमर्स में स्नातक की पढ़ाई पूरी की है।

## डांस स्टूडियो चलाते थे गश्मीर

गश्मीर महाजनी ने परिवार को आर्थिक रूप से मदद करने के लिए 15 साल की उम्र में डांस स्टूडियो शुरू किया था। गश्मीर एक्टर होने के साथ ही कोरियोग्राफर और थिएटर डायरेक्टर भी हैं।

## साल 2014 में की थी गौरी देशमुख से शादी

गश्मीर महाजनी ने गौरी देशमुख से साल 2014 में शादी की थी। गौरी और गश्मीर ने साल 2019 में अपने बेटे व्योम का स्वागत किया था। बता दें कि गौरी देशमुख भी मराठी अभिनेत्री हैं। गौरी साल 2016 में कुतुब तीन मीनार में नजर आई थीं।

# रातोंरात तीन प्रोजेक्ट्स से रिप्लेस हुई थीं ऐश्वर्या शर्मा, अब सुनाई आपबीती

ऐश्वर्या शर्मा टीवी की जानी मानी अभिनेत्री हैं। ऐश्वर्या शर्मा को अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने संघर्ष को लेकर बताया कि एक समय में रातोंरात उनके हाथ से तीन प्रोजेक्ट छीन लिए गए थे। अभिनेत्री ने बताया कि उसके बाद उन्हें रिजेक्ट कर दिया गया और ऐसा उनके साथ तीन बार हुआ था। ऐश्वर्या ने आपबीती बताते हुए कहा कि मेकर्स मुझसे कॉन्ट्रैक्ट भी साइन करा लेते थे, लेकिन किसी न किसी वजह से मुझे रिजेक्ट भी कर दिया जाता था। बता दें कि ऐश्वर्या सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।



# प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपाईयों संग सुनी मोदी के 'मन की बात'

**नोएडा (चेतना मंच)।** भाजपा नोएडा महानगर द्वारा नोएडा के सभी मंडलों एवं बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम के 114वें संस्करण को जनप्रतिनिधियों के साथ सभी कार्यकर्ताओं ने सुना।

'मन की बात' सुनने के लिए आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया भी नोएडा रहे। वे सेक्टर-71 के कम्युनिटी सेंटर के बूथ नो 235 में रहे। उनके साथ इस मौक़े पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी विजय बहादुर पाठक, महिला आयोग की सदस्या श्रीमती मीनाक्षी बराला, ज़िलाध्यक्ष मनोज गुप्ता भी रहे। सबसे पहले वह गेझा गाँव गये जहां उन्होंने वहाँ मौजूद ग्रामीण निवासियों से सदस्यता अभियान के बारे में चर्चा की। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष सेक्टर-110 केंद्रीय विहार कॉलोनी पहुँचे जहां उन्होंने वहाँ के स्थानीय निवासियों और आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों से सदस्यता अभियान के बारे में चर्चा करी और वहाँ मौजूद लोगो लोगो को पार्टी का सदस्य बनाया। इस मौके पर महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, डिम्पल आनंद, निर्मल सिंह, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, वेद प्रकाश त्यागी, राहुल चौहान, सुचित्रा कक्कड़, ओबीसी मार्चा अध्यक्ष उमेश यादव, विवेक मिश्रा, गोपाल गौड़, लोकेश कश्यप, बी एल सिंह, पंकज झा, कल्लू सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष शारदा चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष रवि प्रधान, विपिन सिंह, प्रमोद बहल, सरफ़राज़ अली, प्रवेश आलम, प्रदीप जाटव, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**सेक्टर-71, गेझा तथा सेक्टर-10 में चलाया सदस्यता अभियान**







# अब की बार, तीसरी बार, हरियाणा में भाजपा सरकार: डॉ. महेश शर्मा

**सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने घर-घर जाकर किया तूफानी चुनाव प्रचार**



**नोएडा (चेतना मंच)।** हरियाणा के गुरुग्राम विधानसभा सीट पर सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा ने पार्टी के प्रत्याशी मुकेश शर्मा के लिए कई जगहों पर जनसंपर्क किया और क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजय दिलाने के लिए अपील की।

इस मौके पर डा. महेश शर्मा ने कहा कि अबकी बार हरियाणा में तीसरी बार फिर से कमल खिलेगा। आप सभी का एक-एक किमती वोट भाजपा को मिले यह मैं सबसे आग्रह करता हूँ। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथ मजबूत होंगे। जिस तरह से भाजपा ने हरियाणा का चहुंमुखी विकास किया है उन सभी कार्यों को गति मिलेगी और हम फिर से इतिहास रचेंगे।

गुरुग्राम विधानसभा में प्रचार के दौरान महेश सरपंच शक्करपुर गांव, किसन नम्बरदार कन्हाई गांव, दीपचंद यादव, विक्रम, अनुज आदि काफी संख्या में भाजपा के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# केएएफ ने गेझा में 'स्वच्छता से सौंदर्य' अभियान चलाया

**नोएडा (चेतना मंच)।** प्रधानमंत्री के स्वच्छता आवाहन पर कलांतर आर्ट फाउंडेशन (केएएफ) ने स्वच्छता पखवाड़े के अवसर पर 'स्वच्छता से सौंदर्य' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत गांव के निवासियों से प्लास्टिक की बोतलें तथा सिंगल यूज़ पॉलिथीन इकठ्ठा की गयी। संस्था के छात्रों द्वारा प्लास्टिक की बोतलों में सिंगल यूज़ पॉलिथीन को डालकर तथा उन्हें विभिन्न रंगों में रंग कर गेझा के सरकारी प्राइमरी विद्यालय में सजाया गया तथा अन्य स्थानों पर बांटा गया।




कलांतर के संस्थापक विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि गेझा को आदर्श कला ग्राम बनाने का उद्देश्य मात्र यह नहीं है कि छात्र कला सीखें बल्कि उससे भी अधिक आवश्यक उद्देश्य यह है कि लोगों के हृदय में कला के माध्यम से नैतिक मूल्यों तथा संस्कार का निर्माण किया जा सके। स्वच्छता से सौंदर्य कार्यक्रम का आयोजन करने से गाँव के बहुत से निवासी प्लास्टिक के दुष्प्रभाव को समझ सके और यह संकल्प भी लिया कि भविष्य में प्लास्टिक के उपयोग को न्यूनतम करने का प्रयास करेंगे।

संस्था की सह-संस्थापक तथा ट्रेनिंग हेड श्रीमती पूजा श्रीवास्तव के अनुसार करीब 200 बच्चों ने इस कार्यक्रम में भागेदारी की। बच्चों के साथ कुछ पेरेंट्स भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। बता दें कि कलांतर ने इसी वर्ष फरवरी में जिला गौतमबुद्धनगर के ग्राम गेझा को देश का प्रथम (आदर्श) कला ग्राम बनाने का संकल्प लिया है।

# भाजपा नेता विक्रांत यादव ने किया माता जी की याद में भंडारा





**नोएडा (चेतना मंच)।** सहसवान ब्लाक प्रमुख एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विक्रांत यादव ने अपनी माता जी की स्मृति में भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। ब्लॉक प्रमुख विक्रांत यादव प्रत्येक माह अपनी मां स्वर्गीय श्रीमती शांति देवी की स्मृति में ब्लॉक में भंडारे का आयोजन करते हैं। सितंबर माह के आखिरी रविवार को सहसवान ब्लाक में उन्होंने भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख विक्रांत यादव के चाचा एवं पूर्व सांसद तथा पूर्व मंत्री डीपी यादव ने भी भंडारे में पहुंचकर प्रसाद का वितरण किया।

बता दें कि स्वर्गीय शांति देवी बहुत ही धार्मिक प्रवृत्ति की थीं और जीवन पर्यंत उन्होंने जरूरतमंदों की हर संभव सहायता की। उनका स्वर्गवास होने के बाद उनके पुत्र एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विक्रांत यादव द्वारा उनकी स्मृति में प्रत्येक माह भंडारे का आयोजन किया जाता हैं।

इस मौके पर चेयरमैन पचला जगदीश लोहिनी, सहसवान के एसडीएम प्रेमपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।

# एसएफआई ने इंटरनेशनल ट्रेड शो में पेश किए क्रिएटिव कलेक्शन

**नोएडा (चेतना मंच)।** सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट (एसएफआई) ने उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2024 के दूसरे संस्करण में भाग लिया और अपने क्रिएटिव डिजाइन कलेक्शन प्रस्तुत किए।



सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट ने इस कार्यक्रम में भाग लेते हुए फैशन शो में अपने सात अनोखे क्रिएटिव कलेक्शन प्रस्तुत किए। इस शो के निदेशक और कोरियोग्राफर अनुप बनर्जी थे जबकि क्रिएटिव डायरेक्टर के रूप में शोमेन बनर्जी ने शो का नेतृत्व किया। वार्डरॉब मैनेजर की भूमिका में शुकु बनर्जी ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

इस कार्यक्रम में सम्मानित चेयरपर्सन डॉ. स्नेह सिंह, सचिव सीए डॉ. प्रदीप गुप्ता, और फैशन शो के मार्गदर्शक, प्रिंसिपल डॉ. वंदना जागलान एवं वाइस प्रिंसिपल डॉ. नीतू मल्होत्रा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

शो का उद्घाटन केंद्रीय टेक्सटाइल मंत्री गिरिराज सिंह द्वारा किया गया, जिन्होंने सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट द्वारा खादी के प्रचार और प्रोत्साहन हेतु थीम आधारित शो प्रस्तुत करने के प्रयासों की सराहना की।

# ओमिक्रोन-1 एचआईजी एओए के चुनाव संपन्न शशि शर्मा बनी अध्यक्ष

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर ओमीक्रॉन-1 के एचआईजी अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एओए) कार्यकारिणी का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। 10 सदस्यीय नई टीम ने निर्णायक जीत हासिल की।



अध्यक्ष पद के लिए शशि शर्मा चुनी गईं। शशि शर्मा की पूरी 10 सदस्यीय टीम विजयी रही। टीम शशि से उपाध्यक्ष पद के लिए पुष्पा चौधरी, कोषाध्यक्ष पद के लिए मोहित रायजादा, सचिव पद के लिए अरविंद पांडेय चुने गए। बतौर सदस्य तेज सिंह बिधूड़ी, द्विजेंद्र नाथ पराशरी, राजेश देवी, रूचि गौर, अतुल ठाकुर और मनु लखोटिया विजयी हुए।

इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष शशि शर्मा और सचिव एडवोकेट अरविंद पांडे ने बताया कि सोसाइटी हित में कई कामों का किया जाना बाकी जिसे एक साल के कार्यकाल के भीतर उसे सफलतापूर्वक अंजाम तक पहुंचाएंगे।

नवनिर्वाचित सचिव अरविंद पांडे ने बताया कि सोसाइटी निवासियों और अथॉरिटी की मदद से ग्रेटर नोएडा की एचआईजी अपार्टमेंट को हर तरीके से सुविधा संपन्न बनाएंगे। जीत के बाद टीम शशि शर्मा ने सोसाइटी के मंदिर में अपने सदस्यों के साथ पूजा-पाठ के बाद जीत के लड्डू बांटे।

# दबंग ने कार में टक्कर मारकर बूम बैरियर तोड़ा

**बाल-बाल बचा सुरक्षा गार्ड, पुलिस से की शिकायत**

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-93 स्थित एक्सप्रेस व्यू अपार्टमेंट में एक दबंग ने सिक्योरिटी के लिए लगे बैरियर बूम पर कार से टक्कर मार दी। जिससे बैरियर बूम टूट गया तथा वहां खड़ा सुरक्षा गार्ड मरते-मरते बचा। सुरक्षा गार्ड ने थाना फेज-2 में आरोपी जगदीश खटाना के खिलाफ शिकायत की है। शिकायत में गार्ड राम चौहन ने कहा कि रात में फ्लैट नं 16ए में रहने वाले राम चौहान ने तेजी से कार चलाकर बूम बैरियर में टक्कर मार दी जिससे बैरियर टूट गया तथा वह बाल-बाल बचा। उसने कहा कि जगदीश खटाना दबंग किस्म का व्यक्ति है। उसके खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जाए। आरोप है कि वह नशे में घुत्त था। इस घटना से सोसायटी में काफी आक्रोश है।



# संस्कार प्रतियोगिता में बच्चों ने बिखेरे जलवे




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** श्री बालाजी मानव सेवा समिति के तत्वावधान में संचालित सनातन विद्या मंदिर द्वारा संस्कार प्रतियोगिता का आयोजन आईआईएमटी इंजीनियरिंग कॉलेज नॉलेज पार्क-3 ग्रेटर नोएडा में हुआ।

संस्था के संस्थापक संयोजक कार्याध्यक्ष सतेन्द्र राघव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में सनातन विद्या मंदिर, साईं अक्षरधाम विद्यापीठ, सुर-लय अकैडमी एवं स्वपनिल डांस अकैडमी के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की थीम 'अयोध्या धाम' की सुंदर रचना प्रस्तुति में 7 से 9 वर्ष आयु के बच्चों द्वारा एकल भजन एवं एकल नृत्य के माध्यम से प्रतियोगिता प्रांगण को बहुत ही आनंद और उल्लास से भर दिया।

दूसरी कड़ी में 10 वर्ष से 12 वर्ष आयु के बच्चों द्वारा अपनी मधुर आवाज एवं नृत्य के माध्यम से इस प्रतियोगिता को बहुत ही भव्य बना दिया।

# योग और जुंबा के माध्यम से स्वस्थ रहेगा दिल: डा.डी.के.गुप्ता

**नोएडा (चेतना मंच)।** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर रविवार को फेलिक्स हॉस्पिटल ने सेक्टर-137 मेट्रो स्टेशन के सामने स्थित बायोडायवर्सिटी पार्क में ग्रैंड जुंबा और योग कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया, जिसमें बच्चे, बुजुर्ग और युवा शामिल थे। सुबह 7 बजे से शुरू हुए इस आयोजन में प्रशिक्षित योग और जुंबा प्रशिक्षकों ने लोगों को जुंबा स्टेप्स और विभिन्न आसनों की जानकारी दी। आयोजन के दौरान योग एक्सपर्ट पूर्णिमा जोशी ने बताया कि नियमित योग और जुंबा करने से न केवल तनाव कम होता है, बल्कि यह हृदय को भी स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है। जुंबा और योग, दोनों ही कार्डियोवस्कुलर स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और रक्तचाप को नियंत्रित रखने में सहायक हैं।



फेलिक्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. डी.के. गुप्ता ने बताया कि हृदय रोगों की बढ़ती समस्या के पीछे मुख्य कारण अनुचित खानपान, तनाव और शारीरिक गतिविधि की कमी है। ऐसे में योग और जुंबा जैसी गतिविधियां अपनाकर हृदय को स्वस्थ रखा जा सकता है। नियमित शारीरिक गतिविधि जैसे योग और जुंबा करने से हृदय की कार्यक्षमता बढ़ती है, रक्तचाप नियंत्रित रहता है और तनाव कम होता है। उन्होंने कहा कि हृदय को स्वस्थ रखने के लिए रोजाना कम से कम 30 मिनट का व्यायाम बहुत आवश्यक है।

